प्रधान संपादक : शिव श्रीवास्तव

रांची संस्करण

रविवार 19 जनवरी 2025

● वर्ष 03 ● अंक 156

● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2/- रुपया

श्रमेव जयते, स्पष्टमेव जयते

# श्रमबिन्दु

37 वर्ष 1987-2024

रांची, धनबाद, भिलाई एवं बस्तर से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र



डाक पंजीयन क्रं. छ. ग. / दुर्ग/ 13/ 2021– 23 | E-mail : srambindu@gmail.com | shrambindu@yahoo.in | आर.एन.आई. पंजी. क्रं. 54135/88

## झारखंड में आने वाली है नौकरियों की बहार

# राज्य में 50 हजार खाली पड़े सरकारी पद भरे जायेंगे

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद अफसर रेस
- सबसे ज्यादा शिक्षक और आरक्षी के पद खाली




**रांची**
झारखंड में नौकरियों की बहार आने वाली है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद झारखंड के अधिकारी इस दिशा में रेस हो गये हैं। सीएम चाहते हैं कि झारखंड के बेरोजगार युवकों को तेजी से रोजगार मिले। आने वाले दिनों में 50 हजार से ज्यादा खाली पड़े सरकारी पदों को भरा जायेगा। इसमें सबसे अधिक नियुक्ति शिक्षक और आरक्षी के पद पर होगी। सभी विभागों ने अपनी नियुक्तियों की सूची तैयार कर ली है। यह भी निर्देश दिया गया है कि जरूरत पड़ने पर नियुक्ति नियमावली को जहां बदलने की आवश्यकता है उसे बदला जायेगा। झारखंड में कर्मचारी चयन आयोग, झारखंड लोक सेवा आयोग और दूसरे वैसे सभी विभागों को निर्देश दिया गया है, जो बहाली प्रक्रिया में शामिल होते हैं। निर्देश यह है कि नियुक्ति करने वाली एजेंसी जल्द से जल्द अखबारों में इश्तेहार भी जारी करे। हालांकि झारखंड में जेपीएससी अध्यक्ष का पद खाली है। झारखंड में इंटर स्तर के शिक्षकों के 11 हजार, प्राइमरी स्कूलों के प्रशिक्षित शिक्षकों के 15 हजार, विभिन्न संवर्ग के आरक्षी के 10 हजार, वन विभाग में वनपाल के 4400, स्वास्थ्य विभाग में क्लर्क स्तर के 5200, सामान्य क्लर्क के 5 हजार, नगर पालिका सेवा के एक हजार पद खाली हैं। इसके अलावा चिकित्सा सेवा में भी चिकित्सकों के पद भारी संख्या में खाली हैं। कोशिश की जायेगी कि इस राज्य के मूलवासी और आदिवासी को अधिक से अधिक संख्या में बहाल किया जा सके। राज्य में बीडीओ, सीओ और डीएसपी के 100 पद खाली हैं। अभी पूरे राज्य में चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। इसकी संख्या करीब 1500 के करीब है।





# ‘ग्राम स्वराज’ को जमीन पर उतारने में लगी है सरकार : प्रधानमंत्री मोदी

## प्रधानमंत्री मोदी ने 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्ड बांटे

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 230 से अधिक जिलों के 50,000 से अधिक गांवों के संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए और कहा कि उनकी सरकार ‘ग्राम स्वराज’ की अवधारणा को जमीन पर उतारने में गंभीरता से लगी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना देश में ग्रामीण क्षेत्र में ऐसी अचल सम्पत्तियों के दस्तावेजीकरण की चुनौतियों को पूरा कर रही है।

मोदी ने कार्यक्रम में जुड़े देश भर के लोगों को संबोधित करते हुए एक अनुमान का उल्लेख किया कि एक बार सभी गांवों में संपत्ति कार्ड जारी किए जाने के बाद, यह 100 लाख करोड़ रुपये से अधिक की आर्थिक गतिविधियों को खोल देगा। प्रधानमंत्री ने देश की अर्थव्यवस्था में जुड़ने वाली पर्याप्त पूंजी पर जोर दिया।

मोदी ने कहा, हमारी सरकार ग्राम स्वराज को जमीन पर लागू करने के लिए गंभीरता से काम कर रही है, और इस बात पर प्रकाश डाला कि स्वामित्व योजना ने ग्राम विकास योजना और निष्पादन में काफी सुधार किया है। मोदी ने इस कार्यक्रम को भारत के गांवों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए ऐतिहासिक बताया और इसके लाभार्थियों और नागरिकों को शुभकामनाएं दीं।

यह योजना पांच साल पहले ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनकी संपत्ति कार्ड मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए स्वामित्व योजना शुरू की गई थी। उन्होंने कहा, पिछले पांच वर्षों में 1.5 करोड़ से अधिक लोगों को स्वामित्व कार्ड जारी किए गए और आज के कार्यक्रम के साथ करीब 2.25 करोड़ लोगों को अब अपने घरों के लिए कानूनी दस्तावेज मिल चुके हैं।

विभिन्न राज्य संपत्ति स्वामित्व प्रमाण पत्र को विभिन्न नामों से संदर्भित करते हैं, जैसे घरौनी, अधिकार अभिलेख, संपत्ति कार्ड, मालमत्ता पत्रक और आवासीय भूमि पट्टा हैं। स्वामित्व योजना के लाभार्थियों के साथ अपनी पिछली बातचीत का जिक्र करते हुए, जिन्होंने बताया कि कैसे इस योजना ने उनके जीवन को बदल दिया है। उन्होंने इस बात पर ध्यान दिलाया कि कानूनी दस्तावेज प्राप्त करने के बाद, लाखों लोगों ने अपनी संपत्ति के आधार पर बैंकों से ऋण लिया, अपने गांवों में छोटे व्यवसाय शुरू किए।

## फर्स्ट टेक

### कश्मीरी पंडितों के ‘नरसंहार’ को लेकर ब्रिटिश संसद में प्रस्ताव पेश

**लंदन/भाषा।** ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन ने ‘‘भारत के जम्मू और कश्मीर में कश्मीरी पंडितों के नरसंहार’’ की 35वीं सालगिरह के अवसर पर संसद में एक प्रस्ताव पेश किया। कंजर्वेटिव सांसद ब्लैकमैन ने बृहस्पतिवार को संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में इस मुद्दे पर प्रस्ताव पेश किया, जो जनवरी 1990 से चला आ रहा है। ईडीएम में कहा गया है, ‘‘यह सदन जनवरी 1990 में कश्मीर घाटी की अल्पसंख्यक हिंदू आबादी पर सीमा पार इस्लामी आतंकवादियों और उनके समर्थकों द्वारा किए गए समन्वित हमलों की 35वीं वर्षगांठ को गहरे दुख और निराशा के साथ याद करता है।’’ प्रस्ताव में ब्रिटिश हिंदू नागरिकों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई है, जिनके ‘‘मित्र और परिवार के सदस्य इस सुनियोजित नरसंहार में मारे गए, बलात्कार के शिकार हुए, घायल हुए और जिन्हें बलपूर्वक विस्थापित किया गया।’’ इसमें ‘‘जम्मू-कश्मीर में पवित्र स्थलों के अपमान की निंदा की गई; न्याय मांगने के अधिकार सहित ब्रिटेन में हिंदुओं के अधिकारों की रक्षा करने की प्रतिज्ञा ली गई’’।

### ईरान में गोली मारकर दो न्यायाधीशों की हत्या

**दुबई/एपी।** ईरान की राजधानी तेहरान में शनिवार को एक व्यक्ति ने दो प्रमुख कट्टरपंथी न्यायाधीशों की गोली मारकर हत्या कर दी। सरकारी मीडिया की खबर से यह जानकारी मिली। देश में न्यायपालिका पर यह दुर्लभ हमला है। सरकारी समाचार एजेंसी ‘इरना’ ने बताया कि इस गोलीबारी में न्यायाधीश मौलवी मोहम्मद मोगीसेह और न्यायाधीश अली रजिनी की मौत हो गई। ‘इरना’ के मुताबिक, इस हमले में एक न्यायाधीश का अंगरक्षक भी घायल हो गया। समाचार एजेंसी के मुताबिक, बाद में हमलावर ने खुद को भी गोली मारकर अपनी जान दे दी।

### बच्चों से मिलाने के लिए सीमा हैदर के पहले पति ने भारत सरकार से मदद मांगी

**कराची/भाषा।** चार बच्चों के साथ 2023 में गैर कानूनी तरीके से भारत गयी पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर के पहले पति ने पड़ोसी देश की सरकार से अपने बच्चों से मिलने और उन्हें अपने पास रखने में मदद करने की अपील की है। सीमा अपने प्रेमी के साथ रहने के लिए भारत आई थी, जिससे उनकी मुलाकात ऑनलाइन माध्यम से हुई थी। सीमा (32) सिंध प्रांत के जैकोबाबाद की रहने वाली है और मई 2023 में अपने बच्चों को लेकर कराची स्थित अपने घर से नेपाल के रास्ते भारत आई थी।

## आरजी कर मामला:

# आरोपी संजय रॉय को अदालत ने दोषी करार दिया

## कल सुनाई जाएगी सजा



**कोलकाता/भाषा।** कोलकाता की एक अदालत ने आरजी कर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में आरोपी संजय रॉय को शनिवार को दोषी करार दिया। इस जघन्य अपराध के बाद देश भर में आक्रोश फैल गया था और लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन जारी रहा। मामले की सुनवाई कर रही सियालदह की अदालत के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास ने कहा कि वह इस मामले में सोमवार को सजा सुनाएंगे। यह फैसला पिछले साल नवंबर में बंद कमरे में शुरू हुई सुनवाई के लगभग दो महीने बाद और नौ अगस्त 2024 को घटित इस जघन्य अपराध के 162 दिन बाद सुनाया गया।

मामले की शुरुआत में जांच कर रही कोलकाता पुलिस ने 10 अगस्त को रॉय को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले महिला चिकित्सक का शव अस्पताल के सेमिनार रूम में मिला था। उसे भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64 (बलात्कार), 66 (मौत का कारण बनने के लिये सजा) और 103(1) (हत्या) के तहत आरोपित किया गया था। बीएनएस 103(1) के तहत कम से कम आजीवन कारावास और अधिकतम फांसी की सजा के प्रावधान हैं।

न्यायाधीश ने कहा कि रॉय को प्रशिक्षु चिकित्सक का यौन उत्पीड़न करने और उसकी गला घोंटकर हत्या करने का दोषी पाया गया है और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उसके खिलाफ सभी आरोप साबित कर दिए हैं। दास ने दोषसिद्धि का आदेश सुनाते हुए कहा कि रॉय सुबह करीब चार बजे अस्पताल में दाखिल हुआ और ड्यूटी पर मौजूद प्रशिक्षु चिकित्सक पर उस वक्त हमला किया, जब वह अस्पताल के सेमिनार रूम में सो रही थी। उन्होंने कहा, ‘‘तुमने चिकित्सक पर यौन हमला किया। तुमने उसका गला घोंटा और उसका चेहरा ढक दिया तथा इस हमले के कारण आखिरकार उसकी मौत हो गई।’’ न्यायाधीश ने कहा, ‘‘गवाहों के बयानों और इस मामले में पेश किए गए दस्तावेजों के आधार पर तुम्हारा अपराध साबित हो गया है और तुम्हें दोषी ठहराया जा रहा है।’’

# मंईयां सम्मान योजना में गड़बड़ी उजागर

## संचालक ने अपने रिश्तेदारों के खाते में भेजा था पैसा

- गढ़वा उपायुक्त ने की कार्रवाई, संचालकों का आइडी रद्द
- शेखर जमुआर ने अबुआ आवास और पैक्स में अनियमितता पर भी की कार्रवाई






**गढ़वा।** गढ़वा में मंईयां सम्मान योजना की राशि के आवंटन में गड़बड़ी का मामला उजागर हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के खरौंधी प्रखंड की कूपा पंचायत के सीएससी संचालक ने लाभुक के खाते में राशि भेजने की जगह हेराफेरी कर अपने रिश्तेदारों के खाते में राशि भेज दी। मामला उजागर होने के बाद गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर ने इसकी जांच करवायी। उन्होंने मामले को सही पाया। संचालकों से राशि वापस लेकर सबसे पहले लाभुकों के खाते में भेजी गयी। इसके बाद आरोपी तीनों संचालकों का आइडी रद्द कर दिया गया।

बैंक खाता और आइएफसी कोड के जरिये फर्जीवाड़ाः

प्राप्त जानकारी के अनुसार नवनीत कुमार पटेल, सत्यनारायण गुप्ता और अजित प्रजापति द्वारा गलत मंशा से जान बुझ कर मंईयां सम्मान योजना के कुछ लाभुकों के खाता संख्या और आइएफसी कोड के स्थान पर अपने सगे संबंधी और रिश्तेदारों का खाता संख्या और आइएफसी कोड पोर्टल में डाल दिया गया। इससे मंईयां योजना की राशि लाभुक के खाते में जाने की बजाय इन तीनों संचालकों के रिश्तेदारों के खाते में जा रही थी। मामला संज्ञान में आने के बाद उपायुक्त ने खरौंधी के अंचल अधिकारी से जांच करायी। जांच के क्रम में शिकायत सही पायी गयी।

**राशि वापस लेकर लाभुकों को भेजी** गयीः इस संबंध में सर्वप्रथम तीनों सीएससी ऑपरेटर द्वारा योग्य लाभुकों के खाते में बैंक के माध्यम से मंईयां सम्मान योजना की राशि हस्तांतरित करायी गयी। इसके बाद अनियमितता बरते जाने के लिए तीनों सीएससी संचालक नवनीत कुमार पटेल, सत्यनारायण गुप्ता और अजित प्रजापति का आइडी तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया।

### 21 लाभुकों के पैसे में की गयी थी हेराफेरी

प्राप्त जानाकारी के अनुसार जांच में स्पष्ट हुआ कि ग्राम कूपा के सात लाभुकों की राशि सीएससी संचालक नवनीत पटेल की पत्नी रेशमी देवी के खाता में भेजी गयी है। पांच लाभुको का पैसा सीएससी संचालक सत्यनारायण गुप्ता के अपने खाता में और नौ लाभुकों की राशि सीएससी संचालक अजीत प्रजापति की मां लालती देवी के खाता में गयी है।

### अबुआ आवास में गड़बड़ी का भी खुलासा

खरौंधी प्रखंड की ग्राम पंचायत खरौंधी में अयोग्य लाभुकों को अबुआ आवास का लाभ दिये जाने संबंधी प्राप्त शिकायत की जांच में पाया गया है कि पंचायत में कुल नौ अयोग्य लाभुकों को आवास की स्वीकृति करायी गयी है, जिसमें सात लाभुकों के खाते में प्रथम किस्त की राशि भी विमुक्त की गयी। जांच में पता चलने के बाद शेष दो लाभुकों के खाता में राशि अंतरित नहीं की गयी है और सभी सात लाभुकों से खाता से राशि वापस ली गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभुकों का ग्राम सभा से चयन, निबंधन एवं जियोटैग में लापरवाही एवं अनियमितता बरती गयी है। इस मामले में उपायुक्त शेखर जमुआर ने कार्रवाई करते हुए खरौंधी के पंचायत सचिव शशि कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं, खरौंधी पंचायत की मुखिया मंजू देवी को निलंबित करने की अनुशंसा राज्य निर्वाचन आयोग से कर दी गयी, जबकि प्रखंड समन्वयक रविरंजन और प्रखंड विकास पदाधिकारी रवींद्र कुमार के पर्यवेक्षण में लापरवाही बरतने के आरोप में कारण पृच्छा किया गया है। साथ ही चेतावनी दी गयी कि यदि अगली बार लापरवाही परिलक्षित होती है, तो जवाबदेही तय करते हुए विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

**रामपुर में पैक्स अध्यक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्जः** मझिआंव प्रखंड अंतर्गत रामपुर पैक्स में धान क्रय के दौरान कालाबाजारी की शिकायत प्राप्त हुई। प्राप्त शिकायत के आलोक में गढ़वा के जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से जांच करायी गयी। जांच में धान अधिप्राप्ति विपणन मौसम 2024-25 अंतर्गत उपार्जन पोर्टल में प्रदर्शित 5375 क्विंटल के विरुद्ध उनके गोदाम में मात्र 2693 क्विंटल धान पाया गया। निरीक्षण के समय लगभग 2300 क्विंटल धान गोदाम में नहीं पाया गया। इस अनियमितता के लिए रामपुर पैक्स के अध्यक्ष रवींद्र सिंह से स्पष्टीकरण पूछा गया था। अध्यक्ष द्वारा प्राप्त स्पष्टीकरण स्वीकार्य योग्य नहीं था, जिसे अस्वीकृत कर दिया गया। अनियमितता को लेकर रवींद्र सिंह के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज कर दी गयी है।

## झारखंड विधानसभा में 25 समितियों का पुनर्गठन

# विधायक कल्पना सोरेन बनीं महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति

**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने विधानसभा की 25 समितियों का पुनर्गठन किया है। इसके लिए सभापति और सदस्यों के नामों की अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना के अनुसार, गांडेय की झामुमो विधायक कल्पना सोरेन को महिला एवं बाल विकास समिति का सभापति बनाया गया है। बरही के भाजपा विधायक मनोज कुमार यादव को लोकलेखा समिति की जिम्मेदारी दी गई है।रबींद्रनाथ महतो विशेषाधिकार समिति, नियम समिति और याचिका समिति के सभापति होंगे।

प्रमुख समितियों के नये अध्यक्ष : सत्येंद्र नाथ तिवारी (भाजपा, गढ़वा)- सामान्य प्रयोजन समिति। हेमलाल मुर्मू (झामुमो, लिट्टीपाड़ा) - प्राक्कलन समिति। निरल पूर्ति (झामुमो, मझगांव)- सरकारी उपक्रम समिति। अरूप चटर्जी (माले, निरसा)- सरकारी आश्वासन समिति। बसंत सोरेन (झामुमो, दुमका)- प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति। प्रदीप यादव (पोड़ैयाहाट) - जिप एवं पंचायती राज समिति। रामेश्वर उरांव (कांग्रेस, लोहरदगा)- आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति। उमाकांत रजक (झामुमो, चंदनक्यारी)- निवेदन समिति। स्टीफन मरांडी (महेशपुर)- एससी-एसटी, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति। रामचन्द्र सिंह (मनिका, कांग्रेस)- सदाचार समिति। नीरा यादव (कोडरमा, भाजपा)- पुस्तकालय विकास समिति। उदयशंकर सिंह (सारठ, झामुमो)- पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति। सीसी सिंह (रांची, भाजपा) - विधायक निधि अनुश्रवण समिति। भूषण तिर्की (गुमला, झामुमो)- शून्यकाल समिति। राज सिन्हा (धनबाद, भाजपा)- गैर सरकारी संकल्प समिति। सुरेश पासवान (देवघर, राजद) - अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति। सविता महतो (ईचागढ़, झामुमो)- युवा कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति। दशरथ गगराई (खरसावां, झामुमो) - आवास समिति। सरयू राय (जमशेदपुर प., निर्दलीय)- प्रत्यायुक्त समिति। विकास मुंडा (तमाड़)- खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले समिति।

# राजधानी रांची से महाकुंभ स्पेशल ट्रेन का परिचालन 19 से, 38 बार होगा आवागमन

**रांची से 10 महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों का होगा परिचालन, इन ट्रेनों में जेनरल, स्लीपर और एसी बोगियां भी होंगी**

**रांची।** रांची से महाकुंभ स्पेशल ट्रेन का परिचालन 19 जनवरी से शुरू हो जाएगा। रविवार को सुबह 10 बजे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

बताते चलें कि रांची से 10 महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों का परिचालन होगा। इन ट्रेनों में जेनरल, स्लीपर और एसी बोगियां भी उपलब्ध होंगी। कुल 38 बार इन ट्रेनों का परिचालन होगा।

**केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना**





### किस ट्रेन का कब होगा परिचालन



1. रांची-टूंडला, ट्रेन संख्या 08067 और 08969(19 जनवरी)
2. टूंडला-रांची, ट्रेन संख्या 08068(20 जनवरी)
3. भुवनेश्वर-टूंडला, ट्रेन संख्या 08425( 22 जनवरी, पांच फरवरी और 25 फरवरी)
4. टूंडला-भुवनेश्वर, ट्रेन संख्या 08426( 24 जनवरी, सात फरवरी 21 फरवरी और 28 फरवरी)
5. टिटिलागढ़-टूंडला, ट्रेन संख्या 08314(23 जनवरी, छह फरवरी, 20 और 25 फरवरी)
6. टूंडला-टिटिलागढ़, ट्रेन संख्या 08313(25 जनवरी, 8 फरवरी, 22 फरवरी और 1 मार्च)
7. तिरुपति-बनारस, ट्रेन संख्या-07107(8 फरवरी, 15 फरवरी और 22 फरवरी)
8. बनारस-विजयवाड़ा, ट्रेन संख्या-07108 ( 20 जनवरी, 10 फरवरी, 17 फरवरी और 24 फरवरी)
9. नरसापुर-बनारस, ट्रेन संख्या 07109 ( 26 जनवरी और दो फरवरी)
10. बनारस-नरसापुर, ट्रेन संख्या-07110(27 जनवरी और तीन फरवरी)

न्यूज़ अपडेट

## मीशो ने ज्यादा निष्पक्षता के लिए सप्लाई चेन प्रक्रियाओं को किया मजबूत

**रांची।** भारत के एकमात्र ट्रू ई-कॉमर्स बाजार, मीशो ने अपने दावे की प्रक्रियाओं में परिवर्तन किया है, जिससे विक्रेताओं को सशक्त बनाने और पारदर्शिता लाने के की इसकी प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। इन परिवर्तनों द्वारा तेजी से शिकायत निवारण, विकसित जाँच, और सक्रिय उपाय संभव हो सकेंगे, जिससे विक्रेता समुदाय में विश्वास स्थापित होगा। मीशो ने मई, 2024 से अपनी क्लेम अनुमोदन प्रक्रिया में काफी सुधार किया है, जिससे ज्यादातर मामलों में शिकायत निवारण में लगने वाला समय 70 प्रतिशत कम हो गया है। इस सुधार से विक्रेताओं को ज्यादा तेजी से समाधान मिले हैं, और 3.4 मिलियन वास्तविक दावों को मंजूरी मिल गई है। इससे सभी हितधारकों के लिए एक ज्यादा प्रभावशाली एवं सहयोगपूर्ण प्लेटफॉर्म का निर्माण करने की मीशो की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। नकली रिटर्न को कम करने व जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए मीशो ने अपनी सप्लाई चेन में वैरिफिकेशन की एक मजबूत प्रक्रिया शुरू की है। मीशो द्वारा सप्लाई चेन ऑपरेशंस में सुधार लाने के लिए जेनरेटिव एआई का उपयोग किया जा रहा है। मीशो ने मई, 2024 से ही एडवांस्ड एनालिटिक्स की मदद से सप्लाई चेन में अनुपालन न करने वाले 15,000 फील्ड एग्ज़िक्यूटिव्स (एफई) की पहचान करके उन्हें हटाया है। इस प्रक्रिया में एआई-संचालित टूल्स और डेटा एनालिटिक्स की मदद से पूर्ण फील्ड ऑडिट किए गए, और जाली पैटर्न की पहचान की गई। मीशो ने एडवांस्ड रिस्क एनालिटिक्स और चुस्त उपायों की मदद से हजारों संदिग्ध यूज़र्स को हटाया है। इससे व्यवसायों और यूज़र्स, दोनों के लिए गलत रिटर्न कम करने एवं एक सुरक्षित और प्रभावशाली प्रक्रिया का निर्माण करने में मदद मिली। मीशो के पैकेजिंग सॉल्यूशंस पारंपरिक एयरवे बिल्स (एडब्लूबी) के मुकाबले काफी विकसित हैं, जिनमें हर पैकेज के लिए एक विस्तृत डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाता है।

## निर्मल महतो हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य सचिव को किया तलब

**जमशेदपुर।** सुप्रीम कोर्ट में झारखंड आंदोलनकारी नेता निर्मल महतो की हत्या मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे नरेंद्र सिंह उर्फ पंडित की अवमानना याचिका की सुनवाई हुई। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के मुख्य सचिव को अगली सुनवाई में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। नरेंद्र सिंह की याचिका में कहा गया कि जुलाई 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने उसे 20 साल से अधिक समय तक जेल में रहने को देखते हुए रिमिशन के आधार पर दो महीने के भीतर जेल से रिहा करने का आदेश दिया था। लेकिन डेढ़ साल से अधिक समय बीतने के बाद भी राज्य सरकार ने इस आदेश का पालन नहीं किया। जेल से अभी तक रिहा नहीं किया गया है। जानकरी हो कि शहीद निर्मल महतो के हत्या के आरोप में नरेंद्र सिंह को करीब 22 साल से जेल में रखा गया है और उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता आभास परिमल ने पैरवी की। निर्मल महतो की हत्या 8 अगस्त 1987 को जमशेदपुर में हुई थी। गोली मरकर उनकी हत्या की गई थी। इस मामले में सीबीआई द्वारा जांच के बाद नरेंद्र सिंह सहित तीन आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। फरवरी 2017 में झारखंड हाईकोर्ट ने सजा को बरकरार रखा था।

## सीतारामडेरा से चोरी की चार बाइक के साथ तीन किशोर गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में एक बार पुलिस को कामयाबी हाथ लगी है, जहां चार चोरी की बाइक के साथ तीन किशोर को गिरफ्तार किया गया है। वहीं उन्हें शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया. इस मामले डीएसपी भोला प्रसाद हेड क्वाटर वन ने खुलासा करते हुए बताया कि विगत दो महीने से सीतारामडेरा थाना क्षेत्र और आस-पास के थाना क्षेत्रों में बाइक चोरी व स्कूटी चोरी की घटनाएं सामने आ रही थी, जिसे ध्यान में रखते हुए वरीय पदाधिकारियों के निर्देशानुसार सीतारामडेरा थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया. टीम द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम में 17 जनवरी को सीतारामडेरा में चोरी की बाइक के साथ तीन किशोर को पुराने सीतारामडेरा के शिव मंदिर के पास से पकड़ा गया. इन सभी ने 15 मोटरसाइकिल और स्कूटी चोरी का खुलासा किया. इस दौरान केवल चार बाइक ही बरामद की जा सकी. वहीं अन्य की तलाशी जारी है. डीएसपी ने बताया की नाबालिग बच्चे नशे के लिए मोटरसाइकिल की चोरी करते थे. वहीं दिसंबर माह में पुलिस ने सात अन्य कांडों में भी कामयाबी मिली है. फिलहाल तीनों किशोर को न्यायिक हिरासत में शनिवार को जेल भेजा गया।

## जमशेदपुर में यात्री बस से 8 किलो गांजा बरामद, कंडक्टर गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** पुर्वी सिंहभूम जिला के बरसोल थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। जहां गुप्त सूचना के आधार पर एक यात्री बस से पुलिस ने 8 किलो गांजा बरामद किया है, जिसका अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये आंका जा रहा है. ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी. उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ओडिशा से पश्चिम बंगाल जाने वाले एक यात्री बस में गांजे का खेप जा रहा है. उसके बाद एक टीम का गठन किया गया. मगर बस के चालक को इसकी भनक लग गयी उसने कच्चे रास्ते से बस को ले जाने का प्रयास किया, मगर पुलिस की सक्रियता से बरसोल थाना क्षेत्र में यात्री बस को घर दबोचा गया। तलाशी लेने पर उसमें से 8 किलो गांजा बरामद किया गया. उन्होंने बताया कि बस के कंडक्टर के मिली भगत से ही गांजा का कारोबार चल रहा था. कंडक्टर जयंत दास को गिरफ्तार कर लिया गया है. उन्होंने बताया कि नशा के खिलाफ जमशेदपुर पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा. वहीं पड़ोसी जिला सरायकेला के आदित्यपुर से ब्राउन शुगर का कारोबार समाप्त होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जमशेदपुर पुलिस भी इसी प्रयास में है. पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जमशेदपुर में भी स्पेशल ड्राइव चलाया जा रहा है. जल्द ही जमशेदपुर भी नशा मुक्त जिला होगा इसके लिए सभी को आगे आने की जरूरत है।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद् जमशेदपुर ने ईसीएचएस के नए OIC का किया स्वागत

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, जमशेदपुर द्वारा ईसीएचएस के नए ओआईसी को पुष्पगुच्छ और शॉल दे सम्मानित एवं स्वागत किया गया।मौके पर संगठन के प्रांत महामंत्री सिद्धनाथ सिंह के साथ संस्थापक वरुण कुमार एवं अध्यक्ष विनय के यादव के नेतृत्व में तीनों सेना से सेवानिवृत्त सैनिक साथियों ने इसीएच्एस सोनारी के नए OIC Col GK समद को पदभार ग्रहण करने पर सैन्य समाज की शुभकामनाएं प्रेषित की एवं राष्ट्र की सेवा करके आये गौरव सेनानियों की सेवा करने का सुअवसर पाने हेतु अपनी बधाईया दी। इस अवसर पर Col GK समद ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व सैनकों के सम्मान के साथ-साथ उनके परिवारों और उनके आश्रितों के लिए सेवानिवृत्त जीवन में उनकी समस्याओं को हल करना हमारी अहम् जिम्मेदारी है। उडछ ने बतौर echs OIC का पदभार कुछ दिन पहले ही ग्रहण किया, इनकी नियुक्ति से सभी पूर्व सैनिकों में खुशी की लहर है एवं उनके कार्यभार पर पूर्ण विश्वास जताया है।मौके पर मनोज कुमार सिंह जितेंद्र सिंह,अवधेश सब सिंह एचपी भारती सत्य प्रकाश,विनय कुमार सिंह, कुमार सिंह,गोपाल कुमार, शैलेंद्र कुमार सिंह सुखविंदर सिंह शैलेंद्र कुमार सिंह संजय कुमार सिंह वीरेश प्रसाद एवम अन्य पूर्व सैनिक शामिल रहे।

# घाटशिला के कृषि विज्ञान केन्द्र में जिला स्तरीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन

### कृषि विभाग से संपर्क कर लाभकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं योग्य लाभुक किसान- मंत्री रामदास सोरेन

**जमशेदपुर।**



कृषि विज्ञान केन्द्र, दारीसाई, घाटशिला में किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, रामदास सोरेन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक, बहरागोड़ा समीर कुमार मोहन्ती तथा जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू, सुभाष सिंह एवं पार्वती मुण्डा व अन्य जनप्रतिनिधि, परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी समेत जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि मंत्री रामदास सोरेन एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि झारखण्ड सरकार के द्वारा किसानों के लिए ऐसी कई लाभकारी योजनाएं कृषि विभाग के माध्यम से संचालित की जा रही हैं जिसका लाभ लेने के लिए किसान भाई कृषि विभाग से संपर्क कर योजना का लाभ ले सकते हैं। उन्होने योजनाओं को लेकर किसानों के बीच जागरूकता पर बल दिया तथा योग्य लाभुक किसानों को योजनाओं से आच्छादित करने हेतु पदाधिकारियों को निदेशित किया। साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र एवं क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिकों से उन्होने कहा कि उनके संस्थान द्वारा किसानों के लिए संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी ज्यादा से ज्यादा किसानों तक पहुंचाई जाए ताकि अन्य किसान भी इससे प्रेरित होकर कृषि कार्य में रूचि लें। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा किसान मेला के बारे में अतिथियों एवं किसानों को जानकारी दी गई। उन्होने कृषि विभाग के साथ-साथ अन्य संबद्ध विभाग द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में बताया। किसान मेला में कृषि विभाग, उद्यान, भूमि संरक्षण, बैंक, सहकारिता विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर किसानों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ उनसे आवेदन भी लिए गए। कार्यक्रम के बीच तकनीकी सत्र का भी आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय अनुंसधान केन्द्र के वैज्ञानिक नजरूल सलाम ने किसानों को रबी में लगाये जाने वाले फसलों के बारे में बताया एवं कीट व्यधि से बचाव के उपाय भी किसानों को बताये। किसान मेला में उत्कृष्ट प्रादर्श के लिए चयनित किसानों को पुरस्कृत किया गया। कुल 30 श्रेणी में वैज्ञानिकों के चयन दल के द्वारा पाये गये उत्कृष्ट प्रादर्श में 90 किसानों को पुरस्कृत करते हुए प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी विवेक बिरूआ, जिला उद्यान पदाधिकारी अनिमा लकड़ा, उप निदेशक आत्मा गीता कुमार समेत अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी, आत्मा कर्मी एवं बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

## भुइयांडीह में जरूरतमंदों के बीच 800 कंबल एवं 500 साड़ी का वितरण

**जमशेदपुर।**



कड़ाके की ठंड के बीच जरूरतमंदों की मदद के उद्देश्य से भुइयांडीह क्षेत्र अंतर्गत प्रीतम पार्क, पटेल नगर स्थित मैदान में वृहद कंबल और साड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा नेता सह समाजसेवी टुनटुन सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम ने समाजसेवा की एक नई मिसाल पेश की। नारी शक्ति समिति और दुर्गापूजा कमिटी के सहयोग से क्षेत्र के 800 जरूरतमंदों को कंबल और 500 महिलाओं को साड़ी प्रदान की गई। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि जरूरतमंदों की पहचान पहले ही कर ली गई थी। इसके तहत चिन्हित लाभार्थियों को पूर्व में कूपन वितरित किए गए, ताकि वितरण प्रक्रिया सुचारू और संगठित हो सके। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा की भाजपा विधायक पूर्णिमा साहू और लोक समर्पण के संरक्षक ललित दास उपस्थित रहे। उनके साथ भाजपा नेता पवन अग्रवाल, एंजिल उपाध्याय, शांति तिवारी, नारी शक्ति समिति की अध्यक्ष चौताली सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान विधायक पूर्णिमा साहू ने उपस्थितजनों के संग सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल और साड़ी भेंटकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी। मौके पर भाजपा नेता टुनटुन सिंह ने सामुदायिक भवन के संबंध में स्थानीय निवासियों की समस्या से संबंधित मांग पत्र सौंपते हुए विधायक पूर्णिमा साहू का ध्यान आकृष्ट कराया। मांग पत्र में बताया गया कि प्रीतम पार्क, भुइयांडीह में सामुदायिक भवन, जो 31/05/2018 को स्थानीय लोगों की सुविधा हेतु बनाया गया था, दिसंबर 2020 में जमशेदपुर अक्षेस द्वारा बिना सूचना और आदेश के अन्य को हस्तांतरित कर दिया गया। इसके बाद भवन में अनैतिक कार्य के साथ मैदान में गंदगी और निजी स्वार्थ के लिए दुरुपयोग शुरू हो गया, जिससे स्थानीय लोग काफी परेशान हैं। मांगपत्र में मामले की जांच कर भवन संचालन का अधिकार पुनः स्थानीय कमिटी को प्रदान करने का आग्रह किया गया।

## रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट के 'पंख' कार्यक्रम में नेतृत्व, करुणा और सामुदायिक सेवा पर विशेष सत्र आयोजित

**जमशेदपुर।**




रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड (आरवाईएलए)' के तहत 'पंख' कार्यक्रम का दूसरे दिन शनिवार 18 जनवरी को नेतृत्व, करुणा और सामुदायिक सेवा के प्रेरणादायक सत्रों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। दिन की शुरुआत सुबह 7 बजे सोल नेचर वॉक से हुई, जिसका नेतृत्व प्रतिभा टुडू ने किया। इस सत्र ने प्रतिभागियों को आत्मशांति और विचारशीलता के महत्व से परिचित कराया। इसके बाद रोटरी अध्यक्ष डॉ. अमित मुखर्जी ने 'लाइफ बैलेंस शीट' पर प्रेरणादायक सत्र लिया, जिसमें आत्ममंथन और व्यक्तिगत विकास पर जोर दिया गया। टाटा स्टील के चीफ लॉजिस्टिक्स आरटीएन जगजीत सिंह ने 'लीडरशिप एंड कंपैशन' पर सत्र लिया, जिसमें नेतृत्व और करुणा के महत्व को रेखांकित किया। वहीं, पीडीजी आरटीएन संदीप नारंग ने 'गोल्स - वेन आर यू गोना स्टार्ट' पर चर्चा कर युवाओं को अपने लक्ष्यों के प्रति प्रेरित किया। प्रतिभागी खरसावां के मुर्गा गुटू गांव का दौरा करने गए, जहां रोटरी संचालित स्कूल में श्रमदान के जरिए सड़क निर्माण और ग्रामीण जीवन की चुनौतियों को समझा। इस दौरान झारखंड के पारंपरिक नृत्य और संस्कृति से रूबरू होने का अवसर भी मिला। कार्यक्रम के अगले सत्र में सामूहिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता और टीमवर्क का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का संचालन सुचंदा बनर्जी, अभिजीत मुखर्जी, वीना मुंद्रा और सुनीत कुमार ने किया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के कई सदस्य और करीम सिटी कॉलेज के मास कम्युनिकेशन के छात्रों ने मीडिया कवरेज संभालते हुए अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम ने युवाओं में नेतृत्व और सामुदायिक सेवा की भावना को प्रोत्साहित किया।

## जिला प्रशासन के पदाधिकारियों ने पंचायत/वार्ड का भ्रमण कर विकास कार्यों के क्रियान्वयन का लिया जायजा

**जमशेदपुर।**



जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार सभी 11 प्रखंडों एवं नगर निकायों के लिए नामित नोडल पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक शनिवार को अपने प्रखंड व नगर निकाय क्षेत्र के किसी एक पंचायत/वार्ड का निरीक्षण किया जाता है। इसी क्रम में अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद ने पटमदा के खेड़ुआ पंचायत, कार्यपालक दण्डाधिकारी सुदीप्त राज ने घाटशिला के बड़ाजुड़ी पंचायत, जिला नियोजन पदाधिकारी ने बोड़ाम के कुईयानी पंचायत, जिला कल्याण पदाधिकारी शंकराचार्य समद ने मुसाबनी के कुईलीसुता पंचायत, कार्यपालक दण्डाधिकारी अमन कुमार ने धालभूमगढ़ के महुलीशोल पंचायत, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने डुमरिया का कांटाशोल पंचायत, कार्यपालक दण्डाधिकारी धालभूम चंद्रजीत सिंह ने जमशेदपुर सदर के बड़ाबांकी पंचायत, एलआरडीसी धालभूम गौतम कुमार ने पोटका के हेंसलआमदा पंचायत, एलआरडीसी घाटशिला ने बहरागोड़ा के ब्राह्मणकुंडी पंचायत, एसडीओ घाटशिला सुनिल चंद्र ने चाकुलिया के लोधाशोली पंचायत, निदेशक एनईपी संतोष गर्ग ने गुड़ाबांदा के अंगारपाड़ा पंचायत का निरीक्षण किया वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय ने जुगसलाई नगर परिषद में विकास कार्यों के क्रियान्वयन का जायजा लिया तथा सरकारी संस्थाओं के माध्यम से आमजनों को दी जाने वाली सुविधाओं व सेवाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में सभी नोडल पदाधिकारियों द्वारा प्रत्येक पंचायत में क्रियान्वित मनरेगा की योजनाएं, स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, हेल्थ सब सेंटर, जन वितरण प्रणाली का निरीक्षण किया गया। सरकार की संस्थाओं के माध्यम से किस प्रकार लोग लाभान्वित हो रहे हैं, इसके जांच के उद्देश्य से क्षेत्र भ्रमण किया जा रहा है। विद्यालयों में पठन-पाठन के अलावा उपलब्ध संसाधनों का रखरखाव, स्कूली बच्चों को मिलने वाली सरकार की योजनाओं का लाभ, आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पोषाहार वितरण, बच्चों एवं गर्भवती माताओं के सेहत की निगरानी व उचित परामर्श, स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाओं की उपलब्धता व अन्य चिकित्सीय सेवाओं, चिकित्सक व पारा मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति की जांच की जा रही है। वहीं जन वितरण प्रणाली दुकानों से ससमय खाद्यान्न का वितरण, साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करती मनरेगा की योजनाओं का सघन अनुश्रवण इस पंचायत स्तरीय निरीक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य है जिससे विकास कार्यों की योजनाएं निर्बाध गति से सुचारू रूप से संचालित होती रहे।

## 60 लाख रूपए की धोखाधड़ी के दो आरोपी साक्षय अभाव में बरी

**जमशेदपुर।** 60 लाख रूपए की धोखाधड़ी के एक मामले में सुनवाई कर रहे प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी सुरेन्द्र बेदिया की अदालत ने शुक्रवार को आरोपी पवन कुमार एवं धर्मेन्द्र कुमार दोनों काशीडीह निवासी साक्षय अभाव में बरी कर दिया। इस मामले में बचाव पक्ष के अधिवक्ता केएम सिंह ने बताया कि आरोपियों ने एग्रिको निवासी रत्नेश तिवारी से वर्ष 2015 में 60 लाख रूपए का दोस्ताना कर्ज लिए थे। जिसके बदले में 2/1/2015 को रत्नेश के पक्ष में एक चेक जारी किया था। जो चेक बाउंस कर गया था। लेकिन चेक की अवधि समाप्त हो जाने के बावजूद आरोपियों ने कर्ज की राशि भुगतान नहीं किए। तब जाकर रत्नेश तिवारी ने दोनों के खिलाफ सिदगोड़ा थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। अदालत में सूचक की ओर से कर्ज देने और उसके बदले में चेक देने की बात साबित नहीं कर पाए जिसका लाभ आरोपियों को मिली।

## अधिवक्ता सहित कुमार शाही का निधन

**जमशेदपुर।** अधिवक्ता सहित कुमार शाही (60) की लम्बी बीमारी से इलाज के दौरान गत रात्रि 2 बजे रांची स्थित सेवा सदन में उनका आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन के शोकाकुल अधिवक्ताओं ने 17 जनवरी को न्यायालय के द्वितीय पाली में अपना काम नहीं किया। दिवंगत अधिवक्ता की अंत्येष्टि रांची में ही कर दी गई। लॉयर्स डिफेंस की पूरी प्रतिनिधिमंडल अधिवक्ता परमजीत कुमार श्रीवास्तव, नवीन प्रकाश, अमित कुमार, विनोद कुमार मिश्रा, अक्षय कुमार झा सहित सभी जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने मिलकर उन्हें अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और भगवान से प्रार्थना किया कि उन्हें बैकुंठ में स्थान दें। दिवंगत अधिवक्ता गरीबों का मसीहा थे।

# बिष्टुपुर में 1501 निशान के साथ निकली शोभा यात्रा में झूमते रहे श्रद्धालु

### भक्तिमय उत्सव में हुआ श्री श्याम प्रभु के शीश का नगर भ्रमण

**जमशेदपुर।**



श्री श्याम सेवा समिति की ओर से श्री सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर विष्टुपुर में चल रहे श्री श्याम बाबा का पांच दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के चतुर्थ दिन शनिवार की सुबह देवता का पूजन, महास्नान, हवन, एवं शैयाधिवास धर्मानुष्ठान हुआ। शनिवार संध्या 4.31 बजे से गाजे बाजे के साथ श्री श्याम प्रभु के शीश का नगर भ्रमण एवं भव्य निशान पद यात्रा मंदिर परिसर से निकली। बिष्टुपुर मेन रोड का भ्रमण कर पुनः मंदिर पहुँची। मुख्य यजमान रेखा-मुकेश अगीवाल ने शाम को निशान की पूजा सहित सुबह के सभी धर्मानुष्ठान को संपन्न कराया। सभी धर्मानुष्ठान पांच पुरोहितों पंडित संजय शर्मा, कमल शर्मा, मनीष शर्मा, बजरंगलाल शर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ। दिन भर मंदिर परिसर श्याम भक्तों की भीड़ से पटा हुआ था। श्याम प्रभु के जयकारे से वातावरण भक्तमय बना रहा। शोभा यात्रा में सबसे आगे बैडबाजा समेत एक वाहन पर सजा श्री श्याम प्रभु के शीश का दरबार एवं दो घुड़सवार के साथ बाबा श्याम और हनुमान जी का बड़ा ध्वजा लिये भक्त चल रहे थे। 1501 भक्त निशान लिये चल रहे थे, जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। सैकड़ों की संख्या में निशान के बिना भी भक्तगण पद यात्रा में शामिल हुए। निशान पद यात्रा के दौरान महिलायें श्याम भजनों पर खूब झूम रही थीं। श्याम भजन पर थिरकते भक्तों ने जमकर लुत्फ उठाये। शोभा यात्रा के दौरान श्याम प्रभु के लगते जयकारे वातावरण को श्याममय कर रहे थे। शोभा यात्रा के दौरान जय श्री श्याम, शीश के दानी, हारे का सहारा के जयघोष पूरा मार्ग गूंजता रहा। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए राजस्थान के खाटू धाम से पृथ्वी सिंह चौहान (मंत्री, श्री श्याम मंदिर कमिटी खाटू) शनिवार को शहर पहुँचे। सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर कमिटी द्वारा पृथ्वी सिंह चौहान का स्वागत किया गया। चौहान भी शोभायात्रा में शामिल हुए। पांचवें दिन रविवार 19 जनवरी की सुबह 11.37 बजे से देवता का पूजन, श्री श्याम प्रभु का प्रथम श्रृंगार, प्राण प्रतिष्ठा एवं आरती के दर्शन तथा संध्या 7.31 बजे से भव्य कीर्तन का आयोजन होगा।

श्याम मंदिर के बाहर भव्य तोरण द्वार का निर्माण कराएंगे सरयू रायः- श्री श्याम सेवा समिति द्वारा सत्यनारायण मंदिर, बिष्टुपुर में आयोजित श्री श्याम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार संध्या को निकले निशान यात्रा सह श्याम प्रभु के शीश के नगर भ्रमण कार्यक्रम में जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय शामिल हुए। श्री राय ने घोषणा की कि नवनिर्मित खाटू श्याम जी मंदिर के बाहर अपनी विधायक निधि से खाटू श्याम जी का भव्य तोरण द्वार का निर्माण करवाएंगे. इस घोषणा से मंदिर समिति के सदस्य बेहद प्रफुल्लित दिखे और श्री राय का आभार जताया।

न्यूज़ अपडेट

## भूतपूर्व सैनिक वेलफ़ेयर ने सर्वधर्म सामूहिक विवाह किया आयोजित



**एजेंसी । लोहरदगा।** भूतपूर्व सैनिक वेलफ़ेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में शनिवार को कैरो प्रखंड के जेठ जतरा टाड में सर्व धर्म सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मराज महतो,सचिव गुकुल उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भटाचार्य ,अंचलाधिकारी कुमारी शिला उरांव, थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो,एस आई मनोज कुमार गुप्ता,मुखिया बीरेंद्र महली,पहन बीरेंद्र उरांव के जरिये दीप प्रज्वलित कर किया गया। सर्व धर्म सामूहिक विवाह को लेकर ट्रस्ट के जरिये प्रारम्परिक ढंग से विवाह संपन्न कराने को लेकर टेंट ,खाने पीने की पूरी व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में लोहरदगा जिले के सभी प्रखण्ड सहित रांची और गुमला जिले से भी वर,वधु पहुंचे। जहां पर पहान बीरेंद्र उरांव,पंचम उरांव, पुजार विष्णु उरांव, पुजार रामकिशुन उरांव एवं प्रोहित कौशल कांत त्रिपाठी के जरिये पूरे विधि विधान के अनुसार कुल 206 जोड़े का विवाह संपन्न कराया। सामूहिक विवाह समारोह में अधिकतर वैसे जोड़े शामिल हुए जो पूर्व से ही पति पत्नी के रूप में एक साथ रह रहे हैं तथा बहुत सारे वैसे भी जोड़े थे जो अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ शामिल हुए। लंबे समय से साथ रहने के बाद भी उन्हें सामाजिक मान्यता नहीं मिली थी। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधिवत सम्पन्न होने के बाद तमाम वैसे जोड़ो को सामाजिक मान्यता मिल गई। विवाह संपन्न होने के बाद सभी जोड़ो ने अपने-अपने मान्यता के अनुसार मंदिर और सरना शक्ति खुटा पहुंच कर आशीर्वाद लिया। मौके पर लोहरदगा भूत पूर्व सैनिक ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मराज महतो ने कहा कि ट्रस्ट के माध्यम से सर्व धर्म सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्र के वैसे जोड़ो को सामाज के मुख्य धारा जोड़ने का काम कर रही है, जिन्हें उनकी छोटी- मोटी गलतियों के कारण सामाज उनको स्वीकार नही कर रही थी। उन्हें विवाह के बाद अब समाज मे भी उचित मान सम्मान मिलेगा । साथ ही सभी प्रेम पूर्वक अपना जीवन बिता सकते हैं । उनसे किसी प्रकार का कोई भेद भाव नही किया जाएगा। मौके पर ट्रस्ट के महिला कार्यकर्ता सहित बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

## भाई ने चचेरे भाई को टांगी से मारकर हत्या की, मां जख्मी

**एजेंसी । पलामू।** पलामू जिले के नावाबाजार थाना क्षेत्र के रजहरा के ठाकुरटोला में घरेलू विवाद और अंधविश्वास में एक युवक ने अपने चचेरे भाई की हत्या कर दी। मामले में तेज धारदार टांगी से मारकर हत्या की गयी है। बीच बचाव करने पर मृतक की मां रेणू देवी जख्मी हो गयी। उसके हाथ में 11 टांके लगाए गए हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को घटना के कुछ देर बाद ही गिरफ्तार कर लिया गया। शनिवार दोपहर एमआरएमसीएच में शव का पोस्टमार्टम किया गया। आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मृत युवक की पहचान रोहित चौहान (20) के रूप में हुई है, जबकि आरोपित युवक साहिल चौहान (20) है। बताया जाता है कि दोनों भाइयों के बीच अंधविश्वास एवं घरेलू मामले को लेकर विवाद चला आ रहा था। पिछले दिनों दोनों के बीच मारपीट भी हुई थी। मामला थाना तक पहुंचा था। थाना स्तर पर समझौता करके दोनों युवकों को घर भेज दिया गया था। आगे से मारपीट नहीं करने की हिदायत दी गई थी। इसी बीच शुक्रवार शाम साहिल चौहान ने रोहित चौहान को देखते ही उस पर तेज धारदार टांगी से वार किया। बीच बचाव करने पर उसकी मां का हाथ जख्मी हो गया। हालांकि बाद में जख्मी हालत में रोहित को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मौके पर मौजूद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। छानबीन करते हुए आरोपित युवक साहिल चौहान को मौके से गिरफ्तार किया। आरोपित को शक था कि चचेरे भाई और उसके परिजन तंत्र-मंत्र कर उसकी भांजी को मार डाला है। साहिल की भांजी की कुछ माह पहले किसी वजह से मौत हो गई थी। साहिल को तभी से शक था कि उसकी मौत के पीछे रोहित और उसके परिजनों का हाथ है। इधर, थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने बताया कि आरोपित साहिल को गिरफ्तार कर लिया गया है और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेजा गया है। उन्होंने बताया कि दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था, जो भांजी की मौत के बाद और भी बढ़ गया था। यह घटना अंधविश्वास का परिणाम है।

## ज्ञान ज्योति कॉलेज में बी फार्मा की कक्षाएं शुरू

**एजेंसी । हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय बी फार्मा पाठ्यक्रम का प्रारम्भ ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फार्मेसी सत्र 2023-27 से प्रारम्भ हुआ है।<इस अवसर पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए शनिवार को सचिव शंभु कुमार ने कहा कि महाविद्यालय पठन पाठन की आधुनिक तकनीकों और उपकरणों से समृद्ध है। इसका लाभ उठाकर विद्यार्थी अपना सैद्धांतिक और व्यवहारिक ज्ञानवर्धन कर सकते हैं। महाविद्यालय गुणवत्तापूर्ण पठन पाठन की उपयुक्त वातावरण प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के जरिये वर्ष 2023 में ही इस महाविद्यालय को मान्यता प्रदान किया गया था, लेकिन विनोबा भावे विश्वविद्यालय जरिये अभी वर्तमान में इसका संबंधन संबंधी अधिसूचना जारी किया गया है। कारण यह है कि उक्त महाविद्यालय में डिप्लोमा इन फार्मेसी की पढ़ाई वर्ष 2019 से ही संचालित हो रही है। बी फार्मा करने वाले स्नातकों के लिए सामान्य स्नातक करने वाले छात्रों की तुलना में विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध हैं। मौके पर नीतू सिंहा, रंजन कुमार, सुखदेव कुमार कुशवाहा, मनोज कुमार मेहता, शिल्पा कुमारी, गुंजन प्रकाश सहित अन्य मौजूद थे।

# मौनी अमावस्या पर 29 जनवरी को बन रहा शुभ संयोग

**एजेंसी । रांची**




मौनी अमावस्या 29 जनवरी को मनाई जाएगी। इस बार मौनी अमावस्या पर शुभ संयोग बन रहे हैं। इस दिन त्रिवेणी, नवपंचम और सिद्ध योग का विशेष संयोग बन रहा है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से पापों से मुक्ति मिलती है और ग्रह दोष समाप्त होते हैं। पंडित मनोज पांडेय ने शनिवार को कहा कि मौनी अमावस्या को माघी अमावस्या के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मकर राशि में सूर्य, चंद्रमा और बुध ग्रह के योग से त्रिवेणी योग का निर्माण होगा। इस दौरान देव गुरु बृहस्पति अपनी नवम दृष्टि से तीनों ग्रहों को देखेंगे। इससे नवपंचम योग का निर्माण होगा। साथ ही इस दिन सिद्धि योग का संयोग भी बन रहा है। इस योग में किए गए सभी कार्य सिद्ध होते हैं। इस योग का संयोग 28 जनवरी की रात 12:15 बजे से 29 जनवरी की रात 10:25 बजे तक रहेगा। इस दिन भक्त पवित्र नदियों, खास कर गंगा में स्नान करने के बाद पूरे दिन मौन व्रत का पालन करेंगे। पंडित ने कहा कि यह व्रत योग पर आधारित है। मौनी अमावस्या के दिन स्नान, दान, तप, व्रत कथा और पाठ करने का विधान है। इस दिन के किए कार्यों से यज्ञ और कठोर तपस्या करने जैसे फल की प्राप्ति होती है। इस दिन किया गया दान शनि के दुष्प्रभावों से भी बचाता है। माना जाता है कि मौनी अमावस्या के दिन मनु ऋषि का जन्म हुआ था। मनु शब्द से ही मौनी की उत्पत्ति हुई है। इस दिन पवित्र नदियों में डुबकी लगाने से शरीर और मन की आत्मा की शुद्धि होती है। इस शुभ दिन पर पवित्र ग्रंथों, पुराणों, गीता, रामायण, भागवत और आध्यात्मिक ग्रंथों को पढ़ने से दिव्य ज्ञान की प्राप्ति होती है।

## विहिप विधि प्रकोष्ठ महानगर संयोजक बने जगदीश चंद्र पांडेय



**एजेंसी । रांची**

विश्व हिंदू परिषद विधि प्रकोष्ठ का रांची महानगर संयोजक अधिवक्ता जगदीश चंद्र पांडेय को बनाया गया है। अधिवक्ता राम कृष्णा भगत, अधिवक्ता गंगाधर नायक और अधिवक्ता मनीष सिंह को सहसंयोजक बनाया गया है। रांची के किशोरगंज स्थित प्रांत कार्यालय में शनिवार को बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया। इस मौके पर प्रांत सहमंत्री सह बजरंग दल प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने कहा कि समाज में अधिवक्ता की महत्वपूर्ण भूमिका हैं और समाज में कानून के वजह से ही सभी लोग अमन चैन से ही जीवन यापन करते हैं। महानगर अध्यक्ष कैलाश केशरी ने सभी को शुभकामना देते हुए कहा कि महानगर में विधि प्रकोष्ठ के नए टीम से आत्मबल मिलेगा और कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिलेगी। केशरी ने कहा कि विधि प्रकोष्ठ जल्द ही कार्यकर्ताओं को कानूनी जानकारी देने का कार्य करना शुरू करेगी। इस दौरान प्रांत प्रचार-प्रसार सहप्रमुख प्रकाश रंजन, महानगर मंत्री विश्व रंजन, सत्संग प्रमुख योगेश और अधिवक्ता अमित पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित थे।


## काम के लिए ठेकेदार को पूर्णिया से बुलाया रामगढ़, कर लिया अपहरण

**एजेंसी । रामगढ़**



रामगढ़ शहर में शनिवार को अपराधियों ने एक ठेकेदार का बड़े अनोखे तरीके से अपहरण कर लिया। उसे पहले काम का झांसा देकर पूर्णिया से रामगढ़ बुलाया। काम की बात करने के बाद अपराधियों ने ठेकेदार को रस्सी से बांध दिया और उसके मुंह पर टेप चिपका दिया। इसके बाद उसे 50 लाख रुपए की फिरौती मांगी गई। रामगढ़ पुलिस की सक्रियता से ठेकेदार अपहरणकर्ताओं के चंगुल से मुक्त हुआ। साथ ही पुलिस ने दो अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार भी कर लिया। उनके पास से एक पिस्तौल और वारदात में इस्तेमाल स्कोर्पियो गाड़ी भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में बिहार राज्य के पटना जिला अंतर्गत बख्तियारपुर निवासी अमित कुमार और स्कॉर्पियो ड्राइवर रामगढ़ जिले के सांडी निवासी रवीश मुंडा शामिल हैं। इस मामले की पुष्टि करते हुए रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बताया कि अमित कुमार ने पूर्णिया जिला निवासी ठेकेदार धनंजय कुमार सिंह को साथ में ठेकेदारी करने और पार्टनर के रूप में काम करने का झांसा दिया था। उसने बताया कि वह मूल रूप से पटना का रहने वाला है और फिलहाल वह कुछ महीनो से रामगढ़ शहर में रह रहा है। रामगढ़ शहर के बाजारटांड़ एमएमटी ग्राउंड के पास एक मकान में वह किराएदार के रूप में रह रहा था। अपहरणकर्ताओं के चंगुल से मुक्त होने के बाद ठेकेदार धनंजय कुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि वह सुबह 5:00 बजे बस से रामगढ़ पहुंचा था। बस स्टैंड में अमित ने उसे स्कॉर्पियो में बैठाया और अपने ठिकाने पर ले आया। यहां उसने पहले काम की बात की और नफा नुकसान का जायजा लिया। इसके बाद उसकी कनपटी पर हथियार सटा उसके मोबाइल से पहले 50 हजार ट्रांसफर किया। साथ ही नगदी भी लूट लिए। बाद में 50 लाख रुपए की फिरौती मांगी।

## रांची में नकली नोट गिरोह के तीन आरोपित गिरफ्तार, 4.99 लाख के नकली नोट बरामद



**एजेंसी । रांची**

राजधानी पुलिस ने नकली नोटों के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपित अरगोड़ा थाना क्षेत्र में नकली नोट खपाने की तैयारी में थे।इनके पास से 500 के 4.99 लाख के नकली नोट, एक स्कूटी और छह मोबाइल फोन बरामद किया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सूचना मिली थी कि अरगोड़ा थाना क्षेत्र के कुलदीप स्कूल गली में कुछ युवक नकली नोटों का कारोबार कर रहे हैं। साथ ही किसी ग्राहक को नकली नोट सप्लाई करने वाले हैं। सूचना के बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी कर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया। आरोपितों में साहिल कुमार उर्फ करण, मो. साबिर उर्फ रजा और अब्बू हुजैफा उर्फ अफरीदी शामिल हैं। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों के जरिये एक संगठित गिरोह बनाकर करीब एक वर्ष से जाली नोटों के माध्यम से धोखाधाड़ी का कार्य किया जा रहा था। गिरफ्तार आरोपितों का पहले से भी आपराधिक इतिहास रहा है।

### भारी राजस्व क्षति से बचाव को ले कर निबंधन आइजी का निर्देश

# खनन पट्टा निबंधन में सख्ती, अब सभी तथ्यों का जिक्र जरूरी

### एजी की आपत्ति के बाद सरकार ने उठाया कड़ा कदम



**रांची।** राज्य सरकार ने भारी राजस्व क्षति से बचने के लिए अब खनन पट्टा निबंधन में सख्त कदम उठाया है। महालेखाकार की आपत्ति के बाद अब खनन पट्टे पर मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क को प्रभावित करने वाले सभी तथ्यों का पूर्ण रूप से वर्णन कराया जायेगा। प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा अनुमोदित लीज प्रारूप के आधार पर अनुमोदन प्राप्त करने के उपरांत निबंधन शुल्क की गणना पर उपायुक्त का अनुमोदन लिया जायेगा। आयुक्त-उपायुक्त की अनुमति के बाद ही अब खनन विभाग को सूचित किया जायेगा। इस संबंध में निबंधन आइजी आदित्य कुमार आनंद ने सभी उपायुक्त, जिला अवर निबंधक, सभी अवर निबंधक को पत्र लिखा है। खनन पट्टे के लिए दी गयी जमीन के निबंधन में सरकार को करोड़ों के राजस्व क्षति हो रही थी। सरकार ने इस पर मंथन के बाद यह कदम उठाया।

**निबंधन शुल्क की गणना :** मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क की गणना निबंधन पदाधिकारी करते हैं। परंतु इस गणना का आधार दस्तावेज से प्राप्त होने वाले खनन राजस्व तथा नीलामी की राशि (चाहे किसी भी नाम से हो), रॉयल्टी, लगान, डीएमएफटी, भूतल लगान आदि है, जिसका स्पष्ट वर्णन दस्तावेज में आवश्यक है। निबंधन आइजी ने कहा कि राजस्व की सही वसूली के लिए यह आवश्यक है कि खनन पट्टे में ऐसे समस्त तथ्यों को पूर्ण रूप से अंकित किया जाये जिनके आधार पर निबंधन शुल्क एवं मुद्रांक शुल्क की वसूली की जा सके। (शेष पेज 11 पर)

### दंड का भी प्रावधान

निबंधन आइजी ने कहा है कि भारतीय मुद्रांक अधिनियम, 1899 की धारा 27 के अन्तर्गत मुद्रांक की प्रभार्यता से सम्बंधित शासन आवश्यक तथ्यों विलेख मे अनिवार्य वर्णन आवश्यक है। भारतीय मुद्रांक अधिनियम, 1899 की धारा 64 के अन्तर्गत धारा 27 का समुचित अनुपालन नहीं होने तथा राजस्व क्षति की स्थिति में संबंधित व्यक्ति को दंडित किये जाने का स्पष्ट प्रावधान है। निबंधित खनन पट्टे की नीलामी की राशि, डीएमएफटी एवं सभी प्रकार की सरकारी भुगतेय की राशि का स्पष्ट वर्णन नहीं होने के कारण सरकार को बड़े पैमाने पर राजस्व की क्षति हुई है। इस संदर्भ में महानिबंधक, झारखंड ने भी आपति की है।

## दहेज के लिए पत्नी की हत्या का आरोपित दोषी करार, सजा पर फैसला 25 को




**एजेंसी । रांची**

अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने दहेज के लिए पत्नी की हत्या के आरोपित मोहन महतो को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 25 जनवरी की तिथि निर्धारित की है। घटना को लेकर मृतका सोनी के भाई छोटू कुमार महतो ने अप्रैल 2018 में ओरमांझी थाना में मोहन महतो, भूषण महतो, बसंती देवी, राजेंद्र महतो और रेखा देवी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में यह आरोप लगाया गया था कि मोहन के साथ सोनी की शादी वर्ष 2009 में हुई थी। शादी के तीन-चार साल बाद सोनी को ससुराल वालों ने दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और एक दिन उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। इस मामले के अन्य आरोपितों भूषण महतो, बसंती देवी, राजेंद्र महतो एवं रेखा देवी को अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।

# गढ़वा उपायुक्त ने अनियमितता के तीन अलग-अलग मामलों में की सख्त कार्रवाई

**एजेंसी । गढ़वा**

उपायुक्त शेखर जमुआर ने अनियमितता के तीन अलग-अलग मामलों में सख्त कार्रवाई की है। ये मामले मझिआंव के रामपुर पैक्स एवं खरौंधी प्रखण्ड में अबुआ आवास तथा मंईयां सम्मान योजना से संबंधित हैं। रामपुर पैक्स में धान क्रय में गड़बड़ी पर अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

**मझिआंव प्रखण्ड के रामपुर पैक्स में धान क्रय में कालाबाजारी पर कार्रवाई-** गढ़वा जिले के मझिआंव प्रखण्ड अंतर्गत रामपुर पैक्स में धान क्रय में कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से जांच कराई। जांच में धान अधिप्राप्ति विपणण मौसम 2024-25 अंतर्गत उपार्जन पोर्टल में प्रदर्शित 5375 क्विंटल के विरुद्ध उनके गोदाम में मात्र 2693 क्विंटल धान पाया गया। निरीक्षण के समय लगभग 2300 क्विंटल धान गोदाम में नहीं पाया गया। इस अनियमितता के लिए रामपुर पैक्स के अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह से स्पष्टीकरण मांगी गई। अध्यक्ष से प्राप्त स्पष्टीकरण स्वीकार्य योग्य नहीं होने पर अस्वीकृत कर दिया गया। साथ ही जिला सहकारिता पदाधिकारी ने रामपुर पैक्स अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह के विरुद्ध मझिआंव थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया।

**खरौंधी प्रखण्ड में अबुआ आवास में गड़बड़ी पर कार्रवाई-** खरौंधी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत, खरौंधी में अयोग्य लाभुकों को अबुआ आवास का लाभ दिए जाने संबंधी प्राप्त शिकायत की जांच में पाया गया है कि खरौंधी पंचायत में कुल नौ अयोग्य लाभुकों को आवास की स्वीकृति कराया गया है, जिसमें सात लाभुकों के खातों में प्रथम किस्त की राशि भी विमुक्त किया गया है। जांच का पता चलने के बाद शेष दो लाभुकों के खाता में राशि अंतरित नहीं की गई है। निर्देश देने के बाद सभी सात लाभुकों से खाता में राशि वापस लिया गया है। जांचोपरांत यह स्पष्ट हो रहा है कि लाभुकों का ग्राम सभा से चयन, निबंधन एवं जियोटैग में लापरवाही एवं अनियमितता बरती गई है। उपायुक्त शेखर जमुआर ने इस मामले में खरौंधी ग्राम पंचायत सचिव शशि कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही खरौंधी पंचायत की मुखिया मंजु देवी को निलंबित करने की अनुशंसा राज्य निर्वाचन आयोग से की है।

**खरौंधी प्रखण्ड में मंईयां सम्मान योजना में जालसाजी पर कार्रवाई-** खरौंधी प्रखण्ड के कुपा पंचायत के सीएससी संचालक नवनीत कुमार पटेल, सत्यनारयण गुप्ता एवं अजित प्रजापति के जरिये जान-बूझकर मंईयां सम्मान योजना के कुछ लाभुकों के खाता संख्या एवं आईएफएससी कोड के स्थान पर अपने सगे संबंधी/रिश्तेदार का संख्या एवं आईएफएससी कोड पोर्टल पर प्रविष्टि करने का मामला प्रकाश में आया था।

## एनसीसी रिपब्लिक डे कैंप का संजय सेठ ने भ्रमण किया



**रांची।** नयी दिल्ली में शनिवार को एनसीसी रिपब्लिक डे कैंप 2025 का केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भ्रमण किया। एनसीसी कैडेट्स के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रेम की भावना से ओतप्रोत ऐसे युवाओं से मिलना मेरे लिए भी सुखद अनुभूति देने वाला रहा। इस दौरान इनकी प्रदर्शनी एवं कार्यों को भी देखने का अवसर मिला। एनसीसी के कैडेट्स से मिलना, उनकी गतिविधियों को देखना अद्भुत अनुभूति देने वाला रहा। इनका गौरवशाली इतिहास, इन्हें सुनहरे भविष्य के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। राष्ट्र निर्माण को समर्पित, बड़े सामाजिक बदलाव के वाहक इन युवाओं को शुभकामनाएं दी।

### जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामला

# चौंकाने वाले हो रहे खुलासे : बाबूलाल



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर कहा है कि पेपर लीक माफियाओं द्वारा रची ... प्रश्नों के उत्तर उपलब्ध करा दिये थे। उन्होंने कहा कि इतना सब होने के बावजूद जिस हड़बड़ाहट में खुद को क्लीन चिट देकर आयोग ने परीक्षा परिणाम जारी कर घोषित किये, उससे पेपर लीक की साजिश में आयोग की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता। साथ ही कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस मामले की गंभीरता को


## सुविचार

कम्पस की चुंबकीय सुई हमेशा उत्तर दिशा की ओर इशारा करती है और इसकी वजह से पानी का जहाज आगे बढ़ते हुए अपनी दिशा से नहीं भटकता।

## ट्वीट

आज माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विशेष उपस्थिति में स्वामित्व योजनान्तर्गत स्वामित्व कार्ड एवं पट्टा वितरण कार्यक्रम में बूंदी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की व माननीय प्रधानमंत्री जी का ओजस्वी मार्गदर्शन मार्गदर्शन प्राप्त किया।

-मदन दिलावर



जयपुर में राजस्थान सोलर एसोसिएशन द्वारा आयोजित भारत सोलर एक्सपो के चौथे संस्करण का उद्घाटन किया। अक्षय ऊर्जा को निरन्तर मिल रहे प्रोत्साहन के परिणामस्वरूप आज राजस्थान इस क्षेत्र में नेतृत्व कर रहा है।

-ओम बिरला



## कहानी

अरुण प्रकाश

# नहान



मैं जब उस मकान में नया पड़ोसी बना तो मकान मालिक ने हिदायत दी थी – ''बस तुम नहान से बच कर रहना। उसके मुंह नहीं लगना। कुछ भी बोले तो ज़ुबान मत खोलना। नहान ज़ुबान की तेज़ है। इस मकान में कोई 18 सालों से रहती है। उसे नहाने की बीमारी है। सवेरे, दोपहर, शाम, रात। चार बार नहाती है। बाथरूम एक है। इसलिये बाकी पांच किरायेदार उससे चिढ़ते हैं। उसे नहान कह कर बुलाते हैं। वैसे वह अच्छी है। बहुत साफ सफाई से रहती है।'' मैं ने मकान मालिक की बात गांठ बांध ली।

मैं ने सोचा मुझे नहान से क्या लेना देना! मुझे कितनी देर कमरे पर रहना है? दस बजे ट्रांसपोर्ट कंपनी के दफ्तर जाऊंगा फिर दस बजे रात में उधर ही से खाना खाकर लौटा करूंगा। मेरा परिवार गांव में रहता है। वहां मेरे माता पिता, पत्नी और दो बच्चे हैं। थोड़ी सी खेती बाड़ी है जिसके लिये हर महीने गांव का एक चक्कर लगाता हूं। ट्रान्सपोर्ट कंपनी में कॉमर्शियल क्लर्क की नौकरी है। दिन भर माल लदवाओ, उतरवाओ। बिल्टी देखकर माल पार्टी के हवाले करो। छ: बजे ऑफिस बन्द होना चाहिये। पर कमरे पर आकर करूंगा क्या? परिवार साथ रहता तो बात और थी। कमरे में अकेले पड़े रहने का क्या मतलब? इसीलिये दस बजे रात से पहले कमरे पर लौटने का सवाल ही नहीं था। कमरे में सामान जमाने के बाद मैं नहान से मिला। इतवार को मेरी छुट्टी होती थी। उस दिन मैं अपने गंदे कपड़े धोया करता। नल या बाथरूम को लेकर ही नहान से टकराव हो सकता था। इसलिये मैं कपड़े धोने के पहले ही नहान से पूछने चला गया – ''बाथरूम का कोई काम तो नहीं है? मैं अपने कपड़े धो लूं?''

आगे भी मैं उससे नियमित अनुमति मांगता रहा। इसके चलते नहान की कृपा मुझ पर रहती। वह मुझसे कहा करती, ''कभी कोई तकलीफ हो, कोई ज़रूरत हो तो बता देना।'' मैं कभी कभी छोटी मोटी चीजें उधार मांग लेता – जैसे किरासन तेल, मोमबत्ती, माचिस, इस्त्री। पर अलावा कोई और पड़ोसी नहान के कमरे की तरफ झांकता तक न था।

नहान उसका असली नाम नहीं था। नहान शब्द किसी स्त्री का नाम होगा, यह सोचकर ही अटपटा लगता था। लेकिन अटपटापन उत्सुकता तो पैदा कर ही देता है। मेरे मन में यह सवाल कुलबुलाता रहा। इसलिये नहान के बारे में जो सूचना सहज ही मिल जाती, मैं उसे अपनी स्मृति के खज़ाने में डाल लेता। मैं चाहता तो उसके बारे में पड़ोसियों से पूछताछ कर सकता था। लेकिन मैं उस मकान में नया था। उस मकान में कुल छ: बड़े बड़े कमरे थे एक कतार में बने। उन्हीं में से एक कमरे में नहान अपने पति सूरज के साथ रहती थी। सूरज एक ढाबे में कारीगर था। कारीगर यानि बावर्ची। दिन में दस बजे काम पर जाता तो रात में बारह बजे लौटता। सुबह में देर तक सोता रहता। उसके पास नहान के लिये फुरसत नहीं थी।

नहान को भी फुरसत कहां थी? वह भी पति के जाने के बाद चूड़ियों की टोकरी उठा सरकारी कॉलोनी चली जाती। उसकी टोकरी में रंग बिरंगी सस्ती चूड़ियां होती। हर तरह की कलाई में फिट आने वाली चूड़ियां। कांच और प्लास्टिक की चूड़ियां। नहान कॉलोनी में जब पहुंचती तो वहां की औरतें फुरसत में होती। पति काम पर और बच्चे स्कूल। नहान अपने महीन मगर तेज़ सुर में आवाज़ लगाती – ''चूड़ियां रंग बिरंगी चूड़ियां।'' अगर टेर के बाद भी दरवाज़ा नहीं खुलता तो वह बेहिचक कॉलबेल दबा देती। पिछले कई सालों से वह इस कॉलोनी में फेरा लगाती थी इसलिये उसे सब जानते थे। कई औरतें नहान को खुद ही बुला लेतीं। कुछ खरीदतीं, कुछ सिर्फ चूड़ियों को देखतीं, खरीदने की इच्छा दबातीं और मंहगाई का रोना रोतीं।

नहान को मैं ने अपने एक परिचित के यहां चूड़ी बेचते देखा था। हम बैठक में थे। गृहस्वामिनी ने दरवाजे के पास गलियारे में नहान को बिठा रखा था। नहान गृहस्वामिनी को चूड़ियों की किस्में दिखलाती जा रही थी – ''बुंदकी, खिरकिया, झरोखनी, चंदा – तारा, सूरजमुखी... लोकतारनी। अच्छा ये पसंद नहीं आयी तो सादी चूड़ियां ले लो। आपकी गोरी कलाइयों पे ये ऊदी रंग खूब फबेगा... थोड़ा लाल और थोड़ा काला मिला कर ऊदी रंग बने बीबीजी... सात का जोड़ा डलवा लो... येल्लो! बगैर कंगन के कहीं सादी चूड़ियां फबती हैं? दोनों कलाइयों के लिये चार कंगन तो चाहिये। आगे पीछे एक एक कंगन तभी तो कांच की चूड़ियां टूटने से बचेंगी... आप पैसे की मत सोचो। पैसा नहीं है तो सिर्फ बोहनी कर दो। बाकि अगले चक्कर में दे देना। तीस रूपए होते हैं। अभी दस दे दो। बीस हम फिर ले लेंगे।'' गृहस्वामिनी ने चूड़ियां पहन लीं। नहान को दस रूपए देकर जब वह जाने लगी तब नहान बोली, ''बीबीजी, असीस की चूड़ी तो पहनती जाओ।'' गृहस्वामिनी ने कलाई झट आगे बढ़ा दी। भूलसुधार के लिए। नहान ने उनकी बांई – दांई कलाई में एक एक और चूड़ी डाल दी। गृहस्वामिनी झुकीं, चूड़ियों की झोरी से अपने माथे को लगाया। नहान बोली, ''सुहाग बना रहे बीबी जी!'' नहान आवाज़ लगाती निकल गई।

लेकिन मन में सवाल कुलबुलाता रहा – असीस की जोड़ी क्या है? इन दो चूड़ी के लिए उसने पैसे क्यों नहीं लिए? शायद यह कोई रिवाज़ होगा। इतनी व्यवहार कुशल माला को नहान क्यों कहते हैं? इसके बाल – बच्चे हैं नहीं? इसका पति पांच हज़ार तक कमा लेता है। इस रकम में दो लोगों की गृहस्थी आराम से चल सकती है। फिर यह चूड़ी की टोकरी क्यों उठाए फिरती है?

इसका शरीर स्वस्थ है, मन से दमित नहीं है फिर भी यह बार बार क्यों नहाती है? उसकी नहाने की आदत से सब परेशान थे। सबको नहाना धोना होता था। बच्चों को नहा धोकर स्कूल जाना था, बच्चों को काम पर। नहान के चलते सबका रूटीन बिगड़ जाता। चार बार तो वह नहाती ही थी। इसके अलावा वह कभी भी नहाने पहुंच जाती। बाथरूम में कोई होता तो वह दरवाज़ा पीट पीट कर परेशान कर देती। लेकिन जब वह खुद बाथरूम में होती और कोई दरवाज़ा पीटता तो जोर जोर से गालियां देती बाहर निकलती और मकान झगड़े के शोरगुल से भर जाता।

मैं जितना पड़ोस में घुलता मिलता गया, नहान के बारे में नई नई सूचनाएं जुड़ती गयीं। णहान सुंदरी थी। उसकी चिकनी सांवली त्वचा के अम्दर से गोरा रंग फूटा पड़ता था। इससे उसकी सांवली त्वचा दमकती। वह कोई पैंतीस साल की होगी। लेकिन रोज रोज के शारीरिक श्रम ने देह की तराश को बनाए रखा था। बदन में फालतू चर्बी कहीं नहीं थी। बड़ी बड़ी कनपटी तक फैली आंखें। घोल चेहरे पर छोटी सी नाक बेडौल लगती थी पर पूरे चेहरे का अक्स ऐसा था कि उसे भूलना असंभव था। जूड़े को लटकाने के बजाय वह ऊपर की ओर बांध कर हेयरपिन लगाती जिससे उसकी सुतवां गर्दन और उजागर हो जाती। वह सजने संवरने के लिये वैसा जूड़ा नहीं बांधती। बस माथे पर टोकरी उठाने में सुभीता रहे। हां, उसके होंठों पर पान की लाली हमेशा रहती। पान खाने का शौक उसे अपने पति से मिला था। भट्ठी के पास खड़े खड़े उसका गला सूखता इसलिये उसने पान खाने की आदत डाल ली थी।

नहान अपने पति को सांवरे कहकर बुलाया करती। सांवरे यानि सांवरे कृष्ण। कृष्ण जैसा प्रेमी पाने की चाहत लोक जीवन में कई प्रकार से अभिव्यक्त होती रही है। इसी तरह पति को सांवरे कहकर बुलाने का चलन निकाला होगा। उसका पति सूरज सांवला तो था पर कृष्ण वाली कोई चमक उसमें नहीं थी। उलटे वह मनहूस था। काम से लौटता, दारू पीकर सो जाता। पड़ोसी बताते थे कि नहान भी पीने में उसका साथ देती है। खैर हम पड़ोसी महीन महीन बाद सूरज का चेहरा देख पाते थे। उस निहायत ही सादे मर्द में एक खास बात थी। नहान के कोई बच्चा नहीं था, फिर भी सूरज ने उसे कभी इसका ताना नहीं दिया, न दूसरी शादी की बात चलायी। और तो और उसने कोई बच्चा भी गोद नहीं लिया।

एक पड़ोसी ने सूरज से बच्चा गोद लेने की बात छेड़ी तो उसने पान चबाते हुए कहा था, ''अभी तो हम दोनों कमाते हैं। पोस्ट ऑफिस के खाते में काफी कुछ जोड़ कर रखा है। एक बीमार भी हो गया तो दूसरे की कमाई से काम चल जायेगा। चिड़िया के बच्चे उसके पास हमेशा कहां रहते हैं? बच्चा गोद लेकर क्या होगा? दूसरी शादी मैं क्यों करूं? ऐसी बीवी मुझे सात जनम न मिलेगी...''

एक दिन एक तांत्रिक आया। उसके काले चोंगे की आस्तीन का कपड़ा हाथ के ऊपर उठाते ही लहराने लगता और उसकी मुट्ठी में कभी चॉकलेट तो कभी काजू प्रकट हो जाता। इस हाथ की सफाई का जादू हमारे मकान की औरतों पर चल गया। मुरादों की गठरी तांत्रिक के सामने खोली जाने लगी। नहान चूड़ी बेच कर लौटी थी। एक पड़ोसन ने तांत्रिक से कह दिया, ''इसका कोई जतन कर दो महाराज! इसकी कोख हरियाती नहीं। जे बांझ है।'' बांझ शब्द सुनते ही नहान बिफर पड़ी और पड़ोसन को एक झापड़ लगा दिया। ''जो मुझे फिर बांझ कहा तो तेरी ज़बान कतर दूंगी। मैं जनम से बांझ नहीं हूं।'' पड़ोसनों को सांप सूंघ गया। वे अब तक नहान को बांझ समझ रही थीं। बांझ न होने की बात जानकर किसिम किसम के संदेह और अनुमान का सिलसिला चल निकला।बहरहाल, निष्कर्ष यह निकला कि खोट सूरज में है, वरना नहान के गर्भ क्यों नहीं ठहरता?

पड़ोस में सब नहान की पीठ पीछे उसके बारे में सूचना देने को उत्सुक रहते थे। बस नंदू ड्राइवर नहान का नाम लेते ही मुंह सी लिया करता। नंदू क्रेन चलाता था।हाईवे पर कोई ट्रक, कार पलटती तो नंदू क्रेन ले जाकर उसे खींचता और गैराज तक पहुंचा देता। उसके काम का कोई समय बंधा न था। अकेला रहता था। उसका कोई परिवार नहीं था। नंदू रात में दारू चढ़ा, खाना खाकर कमरे पर लौटता था। उसका कमरा मेरे बगल में था। अगर मैं जाग रहा होता तो वह दुआ सलाम करता, वरना सो जाता। नंदू कपड़े धोने का काम शाम के तीन चार बजे करता। तब नल खाली रहता। नहान उसी समय फेरी लगाकर लौटती थी। टकराव का कोई अवसर न होता फिर भी वह नंदू से उलझती। कभी अलगनी पर लटके गीले कपड़े बदन से सट जाने की शिकायत करती, कभी रास्ते पर पानी छलकाने के लिये कोसती। लगे हाथ नंदू को दो चार गालियां सुना देती। नंदू यूं तो गबरू था पर वह नहान की गालियां चुपचाप सुन लेता। कभी सिर उठाकर दीनहीन याचक वाली मुद्रा में देख लेता। इस पर नहान और बमकती फिर पैर पटकती अपने कमरे में चली जाती। उसके बाद नंदू जैसे ही नल से हिलता, नहान बाथरूम में घुस जाती मानो वह नंदू की छाया से अपवित्र हो गयी हो।

अजीब यह कि नंदू कोई सोलह साल से नहान की गालियां बर्दाश्त कर रहा था। नंदू की क्रेन मेरे ऑफिस के पास ही खड़ी रहती थी। उसके मालिक का ऑफिस भी वहीं था। इसलिये मैं धीरे धीरे जान गया था कि नंदू सहनशील नहीं है। ट्रक, क्रेन जैसे सड़कछाप धंधे में दयनीय बने रहने से काम नहीं चलता। फिर वह इतने सालों से नहान को क्यों झेल रहा है? वह चाहता तो किसी और मकान में कमरा ले लेता।

तांत्रिक के आगमन से स्थिति विस्फोटक हो उठी थी। मेरे तीनों पड़ोसियां ने मिल कर नहान को पीट दिया। रोती कलपती नहान सूरज के ढाबे पर पहुंची। उस दिन मनहूस सूरज ताव खा गया। वह हाथों में लंबा करछुल लिये रिक्शे पर नहान के साथ आया। सूरज और पड़ोसियों में घमासान हो गया। दो पड़ोसियों के सर फूटे। एक का हाथ टूटा। इस घटना के बाद सूरज तो भाग गया पर नहान अपने कमरे में ही थी। आखिर पुलिस आयी और नहान को गिरफ्तार करके ले गयी। नहान पर हिंसा का नहीं, हां एक पड़ोसन को झापड़ मारने का इलज़ाम था।

मैं रात कमरे पर पहुंचा तो उस घटना के बारे में मुझे पता चला। तभी मैं ने देखा कि नहान रिक्शे से उतर रही है। नंदू उसे उतरने में सहारा दे रहा था। नहान अपने कमरे में चली गयी। नंदू अपने कमरे में। घंटे भर बाद मैं ने देखा कि नंदू के कमरे की बत्ती अभी भी जल रही है तो मैं ने उसका दरवाजा खटखटाया। इस बीच मुझे कुछ और जानकारी मिल गयी थी। नंदू नशे में था फिर भी मैं ने पूछ लिया, ''तुमने नहान की जमानत क्यों दी?''

नंदू रहस्यमय तरीके से हंस पड़ा, ''सूरज के बाद मेरे अलावा उसका है ही कौन? बाबू तुम्हें हैरत हो रही है न? रोज गरियाने और दुतकारने वाली औरत की जमानत मैं ने क्यों दी? मैं तो उस पर जान भी दे दूं। बड़ी ज़िद्दी औरत है। बच्चा न होगा, फिर भी रहेगी सूरज के ही साथ। उसकी ज़िद तो मेरी भी ज़िद।... मैं सूरज और माला के साथ नशा पानी किया करता। एक रात नशे का फायदा उठा कर मैं माला के साथ गलत काम कर बैठा। गरम भी रहा। मैं ने सोचा अब इसकी जिनगी बन जायेगी। प्र उस जिद्दी ने गरभघात कर लिया। बस यही ज़िद – ''ये कोख तो सांवरे की है।'' मैं ने हैरत भरे स्वर में उससे पूछा, '' नहान उस मनहूस सूरज को इतना प्यार क्यों करती है?''

नंदू लडखड़ाती आवाज़ और बिखरे शब्दों में लगा, ''प्यार नहीं, एहसान। बाबू, वह एहसान चुका रही है। माला का बाप नहान को एक बूढ़े के साथ बांध रहा था। तब यही सूरज रोती कलपती माला को छिपाकर यहां ले आया था। इसी एहसान को पगली प्यार समझती है और साथ रहने को शादी।

''क्या? इनकी शादी नहीं हुई?''

नंदू मुझ पर ही तंज करने लगा, ''तुम भी बौड़म हो बाबू! दोनों जात एक होती तभी तो शादी होती इसलिये मैं उससे कहता हूँ – सूरज को छोड़। मेरे साथ सगाई कर ले। हमारी तो जात भी एक है।''

नंदू मुझे और रहस्यमय लगने लगा था। नहान – नंदू और सूरज के संबंधों में रहस्य की इतनी परते होंगी, यह मैं ने सोचा नहीं था। इतनी मामूली ज़िन्दगी और इतनी गहराई। अब तक मैं इन लोगों से खुद को श्रेष्ठ समझता था। अब मुझे खुद पर शर्म आ रही थी।

मैं बामुश्किल बोल सका, ''बहत ऊंची औरत है, मगर इतना नहाती क्यों है?''

मेरे सवाल पर नंदू ज़ोर से हंसा, ''मेरे छुने से वह जूठी हो गयी सो नहाती रहती है। मैं उसका रास्ता भी लांघ दूं तो नहाने पर ही उसे चैन आयेगा।

''लेकिन थोड़ी देर पहले तो तुमने उसको सहारा देकर रिक्शे से नीचे उतारा था। क्या वह अभी नहायेगी?'' नंदू हंसने लगा। उसे हंसता छोड़ मैं कमरे से बाहर निकला तो देखा कि नहान बाथरूम से नहाकर निकल रही थी।

## संजय उवाच



# अपरिग्रह

नये वर्ष के आरंभिक दिवस हैं। एक चित्र प्राय: देखने को मिलता है। कोई परिचित डायरी दे जाता है। प्राप्त करनेवाले को याद आता है कि बीते वर्षों की कुछ डायरियाँ ज्यों की त्यों कोरी की कोरी पड़ी हैं। लपेटे हुए कुछ कैलेंडर भी हैं। डायरी, कैलेंडर जो कभी प्रयोग ही नहीं हुए। ऐसा भी नहीं है कि यह चित्र किसी एक घर का ही है। कम या अधिक आकार में हर घर में यह चित्र मौज़ूद है।

मनुष्य से अपेक्षित है अपरिग्रह। मनुष्य ने 'बाई डिफॉल्ट' स्वीकार कर लिया अनावश्यक संचय। जो अपने लिये भार बन जाये वह कैसा संचय?

विपरीत ध्रुव की दो घटनाएँ स्मरण हो आईं। हाउसिंग सोसायटी के सामने की सड़क पर रात दो बजे के लगभग दूध की थैलियाँ ले जा रहा ट्रक पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भय से ड्राइवर भाग खड़ा हुआ। आवाज़ इतनी प्रचंड हुई कि आसपास के 500 मीटर के दायरे में रहनेवाले लोग जाग गये। आवाज़ से उपजे भय के वश कुत्ते भौंकने लगे। देखते-देखते इतनी रात गये भी भीड़ लग गयी। सड़क दूध की फटी थैलियों से पट गयी थी। दूध बह रहा था। कुछ समय पूर्व भौंकने वाले चौपाये अब दूध का आस्वाद लेने में व्यस्त थे और दोपाये साबुत बची दूध की थैलियाँ हासिल करने की होड़ में लगे थे। जिन घरों में रोज़ाना आधा लीटर दूध ख़रीदा जाता है, वे भी चार, छह, आठ जितना लीटर हाथ लग जाये, बटोर लेना चाहते थे। जानते थे कि दूध नाशवान है, टिकेगा नहीं पर भीतर टिक कर बैठा लोभ, अनावश्यक संचय से मुक्त होने दे, तब तो हाथ रुके!

खिन्न मन दूसरे ध्रुव पर चला जाता है। सर्दी के दिन हैं। देर रात फुटपाथ पर घूम-घूमकर ज़रूरतमंदों को यथाशक्ति कंबल बाँटने का काम अपनी संस्था के माध्यम से हम करते रहे हैं। उस वर्ष भी मित्र की गाड़ी में कंबल भरकर निकले थे। लगभग आधी रात का समय था। एक अस्पताल की सामने की गली में दाहिने ओर के फुटपाथ पर एक माई बैठी दिखी। एक स्वयंसेवक से उन्हें एक कंबल देकर आने के लिए कहा। आश्चर्य! माई ने कंबल लेने से इंकार कर दिया। आश्चर्य के निराकरण की इच्छा ने मुझे सड़क का डिवाइडर पार करके उनके सामने खड़ा कर दिया था। ध्यान से देखा। लगभग सत्तर वर्ष की अवस्था। संभवत: किसी मध्यम परिवार से संबंधित जिन्होंने जाने किस विवशता में फुटपाथ की शरण ले रखी है।... 'माई! आपने कंबल नहीं लिया?' वे स्मित हँसी। अपने सामान की ओर इशारा करते हुए साफ भाषा में स्नेह से बोलीं, 'बेटा! मेरे पास दो कंबल हैं। मेरा जीवन इनसे कट जायेगा। ज़्यादा किसलिये रखूँ? इसी सामान का बोझ मुझसे नहीं उठता, एक कंबल का बोझ और क्यों बढ़ाऊँ? किसी ज़रूरतमंद को दे देना। उसके काम आयेगा!'

ग्रंथों के माध्यम से जिसे समझने-बूझने की चेष्टा करता रहा, वही अपरिग्रह साक्षात सामने खड़ा था। नतमस्तक हो गया मै!

कबीर ने लिखा है, कबीर औंधि खोपड़ी, कबहुँ धापै नाहि/ तीन लोक की सम्पदा, का आबै घर माहि।

पेट भरा होने पर भी धापा हुआ अथवा तृप्त अनुभव न करो तो यकीन मानना कि अभी सच्ची यात्रा का पहला कदम भी नहीं बढ़ाया है। यात्रा में कंबल ठुकराना है या दूध की थैलियाँ बटोरते रहना है, पड़ाव स्वयं तय करो।

## बोध कथा

# उम्र बढ़ाने वाला पेड़

एक समय की बात है जब बादशाह अकबर का परचम पूरे विश्व में फैलने लगा था। उसी दौरान तुर्किस्तान के बादशाह को अकबर की बुद्धिमत्ता की परीक्षा लेने की सूझी। तुर्किस्तान के बादशाह ने अपने दूत को संदेश पत्र देकर कुछ सिपाहियों के साथ दिल्ली रवाना किया। बादशाह ने पत्र में लिखा था 'मुझे सुनने में आया है कि भारत में ऐसा पेड़ है, जिसके पत्ते को खाकर इंसान की आयु बढ़ाने में मदद मिल सकती है। अगर यह बात सच है, तो मेरे लिए उस पेड़ के कुछ पत्ते जरूर भेंजे।'

जब अकबर ने उस पत्र को पढ़ा, तो वह सोच में पड़ गए। इस चिंता से उबरने के लिए अकबर ने बीरबल का सहारा लिया। बीरबल की सलाह पर बादशाह अकबर ने तुर्किस्तान से आए सिपाहियों और दूत को कैद करने का आदेश दिया। सिपाही और दूत के कैदखाने में कई दिन बीत जाने के बाद अकबर और बीरबल एक दिन उनसे मिलने गए। अकबर और बीरबल को आते देख कर वो सोचने लगे कि उन्हें रिहाई मिल जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

बादशाह अकबर जब उनके पास पहुंचे, तो उन्होंने दूत से कहा 'जब तक इस किले की एक-दो ईंट गिर नहीं जाती, तब तक आप लोगों को आजाद नहीं करेंगे। ऐसा होने तक आप सभी के लिए यहां खाने-पीने का पूरा इंतजाम किया जाएगा।' इतना कहकर बादशाह अकबर और बीरबल वहां से चले गए। उनके जाने के बाद दूत और सिपाही कैद से निकलने के लिए उपाय सोचने लगे। जब कोई रास्ता नजर नहीं आया, तो भगवान से प्रार्थना करने लगे।

जल्द ही उनकी प्रार्थना रंग लाई और कुछ दिनों बाद अचानक तेज भूकंप आया और भूकंप के कारण किले का एक भाग टूटकर गिर गया। यह घटना के बाद दूत ने अकबर के पास किले की दीवार गिरने की खबर भिजवाई। यह खबर सुनते ही बादशाह अकबर को अपना वादा याद आया और उन्होंने तुर्किस्तान के दूत व सिपाहियों को दरबार में प्रस्तुत होने का आदेश दिया। उनके दरबार में पहुंचते ही बादशाह अकबर बोले 'अब तो आप सबको अपने बादशाह के द्वारा भेजे गए पत्र का उत्तर मिल गया होगा। अगर अब भी आपको समझ नहीं आया है, तो मैं समझा देता हूं। तुम सिर्फ 100 लोग हो और तुम्हारी आह सुनकर किले का एक हिस्सा गिर गया, तो सोचो जिस देश में हजारों लोगों पर अत्याचार होते हैं, उस देश के बादशाह की आयु कैसे बढ़ेगी। लोगों की आह से उसका पतन तो निश्चित है। हमारे भारत देश में किसी गरीब पर अत्याचार नहीं होता। यही होता है आयुवर्धक वृक्ष।'

उसके कुछ दिन बाद बादशाह ने उन सभी को उनके देश भेज दिया है और रास्ते में होने वाले खर्चे के लिए कुछ पैसे भी दिए। दूत ने तुर्किस्तान पहुंचकर भारत में घटित सारी बात विस्तार से बादशाह को बताए। अकबर-बीरबल की बुद्धिमत्ता देखकर तुर्किस्तान के बादशाह ने दरबार में उनकी बहुत प्रशंसा की।



## वीर गाथा

# एयर कमोडोर जसजीत सिंह: जब बमवर्षा करने जाते तो पाकिस्तानी फौज में भगदड़ मच जाती

एयर कमोडोर जसजीत सिंह का जन्म 8 जुलाई, 1934 को हुआ था। वे अति विशिष्ट सेवा मेडल, वीर चक्र, वायुसेना मेडल से सम्मानित थे। यही नहीं, उन्हें पद्म भूषण से भी सम्मानित किया गया था। वे वायुसेना के सर्वाधिक सम्मानित अधिकारियों में से एक थे। जसजीत सिंह ने लड़ाकू पायलट के तौर पर बहादुरी का शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने लगभग पांच दशक तक वायुसेना में सेवाएं दी थीं। जसजीत सिंह साल 1956 में वायुसेना में भर्ती हुए थे। उन्होंने वैम्पायर, मिस्टर और मिग-21 जैसे लड़ाकू विमान उड़ाए थे।

जसजीत सिंह की महारत ने साल 1971 के युद्ध में इतिहास रच दिया था। पहले, उन्हें वायुसेना मुख्यालय में बतौर स्टाफ ऑफिसर तैनात किया गया था, लेकिन वे ऑपरेशन में भाग लेना चाहते थे। जसजीत सिंह ने पाकिस्तान के 'मजबूत और अत्यधिक सुरक्षित इलाकों' में उड़ानें भरी थीं। दुश्मन ने कई बार उनके विमान को निशाना बनाना चाहा, लेकिन वे हर बार उसे चकमा देने में कामयाब रहे थे।

जसजीत सिंह ने एक के बाद एक उड़ानें भरीं और हमले जारी रखे। उन्होंने पाकिस्तान के कई टैंकों, तोप ठिकानों और बंकरों को तबाह कर दिया था। इससे उसकी सैन्य क्षमता को भारी झटका लगा था। जब जसजीत सिंह अपना विमान लेकर बमवर्षा करने जाते तो पाकिस्तानी फौज में भगदड़ मच जाती थी। जसजीत सिंह ने सभी चुनौतियों का डटकर सामना किया और अपने मिशन सफलतापूर्वक पूरे किए थे।

इससे युद्ध के मैदान में भारत का पक्ष मजबूत होता गया और 16 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तान की निर्णायक हार के साथ बांग्लादेश को आज़ाद करवा दिया गया। एयर कमोडोर जसजीत सिंह को वीर चक्र से सम्मानित किया गया। जसजीत सिंह ने थिंक टैंक सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज की स्थापना की थी। उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए उन्हें साल 2006 में भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।



न्यूज़ अपडेट

### सर्वाइकल कैंसर के जाँच से सम्बंधित प्रशिक्षण का आयोजन



**देवघर।** आज दिनांक 18.01.2025 को एसिटिक एसिड (वीआईए) प्रशिक्षण के साथ दृश्य निरीक्षण के माध्यम से सर्वाइकल कैंसर की जांच करने हेतु 10 दिवसीय प्रशिक्षण का पांचवा दिन जिला कुष्ठ निवारण कार्यालय में आयोजित किया गया जिसमे डॉ पुष्पा के द्वारा सर्वाइकल केंसर से सम्बंधित सर्वाइकल कैंसर-रोकथाम सेवाओं में एसिटिक एसिड (वीआईए) क्रायोथेरेपी के साथ दृश्य निरीक्षण के बारे में बताया गया साथ ही यह बताया गया सर्वाइकल कैंसर को रोका जा सकता है और इसकी प्री-कैंसर स्टेज लंबी होती है, इसलिए इसकी स्क्रीनिंग उपलब्ध है और अगर जल्दी पता चल जाए तो इसे ठीक किया जा सकता है। चूंकि विभिन्न अध्ययनों में वीआईए पद्धति की संवेदनशीलता बहुत भिन्न रही है, और पैप स्मीयर की तुलना में सर्वाइकल कैंसर की जांच में वीआईए की उपयोगिता के निष्कर्षों के अनुसार, इस अध्ययन का उद्देश्य स्क्रीनिंग में वीआईए और पैप स्मीयर के नैदानिक मूल्य की तुलना करना है। उक्त प्रशिक्षण में विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिर / स्वास्थ्य उपकेन्द्र से आये, प्रिया पल्लवी, ज्योती प्रिया, चन्दा कुमारी, लता रानी, नेहा कुमारी, रंजीता लाकरा, कुमारी प्रियम्बदा आर्या , मेरी मार्गरेट सोरेन, उषा रानी ,सुमित्रा कुमारी हंसदा एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे ।

### डीएवी सातर में सीबीएसई द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण का समापन



**देवघर।** दिनांक 17 जनवरी से शुरू हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण के कार्यशाला का समापन 18 जनवरी को हुआ। इस कार्यशाला को दो बैच में संचालित किया गया। अपने उद्बोधन में सीबीएसई,पटना के प्रमुख, सीओई, रवि प्रकाश ने कहा कि एनईपी 2020 एक दूरदर्शी नीति है जिसका उद्देश्य समग्र विकास, समावेशिता, समानता और गुणवत्ता पर जोर देकर भारत की शिक्षा प्रणाली को बदलना है। सभी प्रशिक्षक इन प्रशिक्षण सत्रों से बहुत लाभान्वित हुए होंगे। इन प्रशिक्षण सत्रों का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब शिक्षक दृढ़ संकल्प, समर्पण, प्रतिबद्धता और ईमानदारी के साथ अपने-अपने कक्षाओं में छात्र-छात्राओं के बीच कार्यशाला के परिणामों को फैलाएंगे। आईएसटीएम, नई दिल्ली की संयुक्त निदेशिका नमिता मलिक ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि एनईपी-2020 के दिशा-निर्देशों के अनुसार आवश्यकता आधारित, कौशल आधारित और योग्यता आधारित शिक्षा के अंतर्निहित संदेश को फैलाने के मिशन को सभी मिलकर पूरा करेंगे। सिटी कोऑर्डिनेटर सह स्थल निदेशक बलराम कुमार झा ने सबों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर ने कहा था, ₹हमारे पास आने वाली हर चीज हमारी है, अगर हम इसे प्राप्त करने की क्षमता पैदा करते हैं।₹ यह उद्धरण नवीनतम उपकरणों और पद्धतियों के साथ शिक्षकों को सशक्त बनाने के हमारे मिशन के साथ गहराई से प्रतिध्वनित होता है। इस प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करवाने में मिताली मुखर्जी, प्रिंसिपल, मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल, पटना, राघवेंद्र सिन्हा , अनुभाग अधिकारी, सीबीएसई, पटना, ज्योति प्रकाश, सीबीएसई अधिकारी और बिहार और झारखंड के विभिन्न सीबीएसई संबद्ध स्कूलों के विद्वान और बहुमुखी प्रिंसिपल और फैसिलिटेटर मौजूद थे। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी अभिषेक सूर्य ने दी।

### पुतुलजोड़ में झारखंड राज्य रसोईया सं योजिका यूनियन का बैठक संपन्न

**संवाददाता/जामताड़ा ।** पुतुलजोड़ में झारखंड राज्य रसोईया संयोजिका यूनियन का बैठक संपन्न हुआ ज्ञात हो की 28 जनवरी को होने वाले उपायुक्त के समक्ष धरना प्रदर्शन को लेकर जोरो से चल रही है तैयारी जिसमें बिंदापत्थर के दर्जनों रसोईया एवं संयोजिका ने 28 जनवरी की तैयारी को लेकर जोरो से लग गया है एवं फतेहपुर ब्लॉक से सैकड़ो से की संख्या में रसोईया संजू जी का अपनी मांगों को लेकर प्रचार प्रसार करते हुए जिला उपायुक्त कार्यालय 28 जनवरी को पहुंचेंगे इस बैठक में मार्गदर्शन के लिए जिला से मोहन मंडल यूनियन लीडर बिंदा पत्थर पहुंच कर सभी को मार्गदर्शन दिए एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कहा गया आज की बैठक की अध्यक्षता लखीमुनी मरांडी ने की तथा नीरू हेंब्रम सीता रानी हेमरोम पूर्व मुनि हेंब्रम रीना मिर्धा गीता मुर्मू मलोटी हेंब्रोमणी किसको सावित्री हेंब्रम कविता देवी आदि दर्जनों आज की बैठक में उपस्थित थे

### 25 जनवरी को होगा मैराथन फार एजुकेशन का आयोजन

**पाकुड़।** 76 गणतंत्र दिवस के पूर्व दिवस यानी 25 जनवरी 2025 को प्रातः 9:00 बजे आर्ट ऑफ गिविंग झारखंड के तत्वाधान में आर्ट ऑफ गिविंग जिला इकाई पाकुड़ के द्वारा शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से मैराथन फार एजुकेशन का आयोजन किया गया है।इस आशय की जानकारी आर्ट ऑफ गिविंग के जिला सचिव हिसाबी राय ने दिया।इस बाबत आर्ट ऑफ गिविंग की बैठक रेलवे मैदान पाकुड़ में आयोजित किया गया,जिसकी अध्यक्षता संजय कुमार ओझा ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से अविनाश पंडित, अजय कुमार राय ,सादेकुल आलम, निर्भय सिंह मौजूद रहे। बैठक में तय किया गया की मैराथन का एजुकेशन कार्यक्रम के संयोजक अनिकेत गोस्वामी को मनोनीत किया गया। उक्त कार्यक्रम में विधवत उद्घाटन 25 जनवरी को प्रातः 9:00 बजे गांधी चौक पर किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन स्टेशन प्रबंधक पूर्व रेलवे पाकुड़ लखीराम हेंब्रम, निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा करेंगी। उक्त मैराथन में छात्र युवा खिलाड़ीगण शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दौड़ेंगे। बैठक में कपिल रजक, राजनाथ गुप्ता, अभिनव ओझा, अंजनी कुमार मिश्रा, साक्षी राय, रोहित घोष, रोशन भगत, सोमू भास्कर, कन्हैया कुमार, जीत सरदार, शिवम पंडित ,इंद्रजीत कर्मकार ,कबीर सरदार, सन्नी तिवारी, मनीष सरकार, अर्जित दास, चैन कुमार ,आर्यन कुमार ,रोशन सरदार मौजुद थे।

# संविधान गौरव अभियान कल (20 जनवरी), केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री एस.पी. बघेल लेंगे भाग

**दुमका।**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित संविधान गौरव अभियान के तहत केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री एस.पी. बघेल 20 जनवरी 2025 को दुमका दौरे पर आएंगे। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन अग्रसेन भवन, दुमका में किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष गौरवकांत की अध्यक्षता में प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों की एक अहम





बैठक दिन शनिवार को दुमका परिसदन में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत रणनीति पर चर्चा की।
केंद्रीय मंत्री एस.पी. बघेल का आगमन भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी होगा और यह कार्यक्रम संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा। जिलाध्यक्ष गौरवकांत ने कहा कि यह अभियान भारतीय संविधान की गरिमा को सम्मान देने और आमजन को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।
जिला मीडिया सह प्रभारी नवल किस्कू के अनुसार बैठक में अमरेंद्र सिंह मुन्ना, सुरेश मुर्मू, निवास मंडल, मनोज पांडे, पवन केसरी, धर्मेंद्र सिंह बिट्टू, अमिता रक्षित, गुंजन मरांडी, रमेश मुर्मू, मार्शल ऋषिराज टुडू, दिनेश सिंह, जरमुंडी विधायक प्रतिनिधि मिथिलेश सिंह, ओम केसरी, दीप्तांशु कोचगवे, सुजीत यदुवंशी सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर प्रतियोगिता का आयोजन...

**देवघर।**

''राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025'' के अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द के सहयोग से पुस्तक मेला देवघर के प्रांगण में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। साथ ही पेंटिंग प्रतियोगिता का थीम सड़क सुरक्षा के प्रति ''प्रवाह'' पर आधारित था।
इसके अलावा प्रतियोगिता में देवघर जिला अंतर्गत आर०मित्रा०सी०एम० एस०ओ०ई० विद्यालय देवघर, आर०एल० सर्राफ उच्च विद्यालय देवघर, मातृ मंदिर सी०एम० एस०ओ०ई० विद्यालय देवघर, गोवर्धन साहित्य उच्च विद्यालय देवघर एवं राम मंदिर उच्च विद्यालय देवघर के 50 छात्र/छात्रा ने





भाग लिया। इस दौरान प्रतियोगिता के समाप्ति के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार के द्वारा सभी को सड़क सुरक्षा के प्रति कितना सजग रहना है, इसके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही सड़क सुरक्षा के नियम अपनाने से संबंधित शपथ दिलाया गया। इसके उपरांत प्रतियोगिता में श्रेष्ठ तीन स्थान पाने वाले में प्रथम पुरस्कार हनी कुमारी, राम मंदिर उच्च विद्यालय देवघर, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के रूप में आर०मित्रा०सी० एम० एस०ओ०ई० विद्यालय देवघर से प्रयण सिंह और आशुतोष आयुष को विनोद कुमार द्वारा पुरस्कार दिया गया। साथ ही अन्य 12 प्रतिभागी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इसके आलवे कार्यक्रम में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक शिव कुमार राय, सड़क अभियंत्रिक विश्लेषक प्रविंद कुमार, आई० टी० सहायक अजय कुमार, मेला संचालक आदि उपस्थित रहे।

### आगामी सिद्धू-कान्हू मेला जमुनिया में मेला का आयोजन को लेकर की बैठक

**मोहनपुर।** आगामी 26 व 27 जनवरी 45 वाँ सिद्धू-कान्हू मेला जमुनिया में मेला का आयोजन होना है। इसको लेकर आज मेला कमेटी द्वारा मेला को सुचारू रूप से मेला



संचालित के लिए एक बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य बिंदु पर चर्चा किए। साथ ही 16 टीम दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा जाएगा । वहीं 27 जनवरी को सिद्धू-कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण के लिए झारखंड सरकार का माननीय मंत्री हाफिजूल हसन का आगमन होने की बात कही। झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक उदय शंकर सिंह उर्फ चुनाव सिंह देवघर विधायक सुरेश पासवान एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के सम्मानित विधायक एवं सांसद का भी आगमन होना है। बैठक में उपस्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा का वरिष्ठ नेता सुनील कुमार मंडल, मुखिया नवल किशोर हेंब्रम, मुखिया प्रतिनिधि लखीराम सोरेन, युवा नेता श्रीकांत यादव, केदार दास ,वीरू यादव, लोथो मुर्मू ,विष्णु तांती, अखिलेश्वर यादव, मेला कमेटी अध्यक्ष वीरेंद्र सोरेन सही उपस्थिति थे।

# संगठन महापर्व के तहत जिला प्रभारी के नेतृत्व में चलाया गया भाजपा ओबीसी मोर्चा का सदस्यता अभियान

## दस हजार सदस्य बनाए गए, तय समय लक्ष्य को पूरा करेगा ओबीसी मोर्चाः डा राजीव रंजन

**देवघर।**

**देवघर।** भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड प्रदेश की ओर से जोरशोर से चलाए जा रहे सदस्यता अभियान शुरू किया है। अभियान प्रदेश में 25 जनवरी तक चलेगा। पार्टी ने इसे 'संगठन महापर्व' का नाम दिया है। इसके तहत पूरे राज्य में बनाए गए 5, 628 केंद्रों पर प्रदेश, जिला और मंडल इकाइयों के पदधारकों की मौजूदगी में एक साथ बड़ी संख्या में लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई जा रही है। इसी सिलसिले में भाजपा ओबीसी मोर्चा के देवघर जिला प्रभारी सह प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डा राजीव रंजन के नेतृत्व में जिले में सदस्यता अभियान पिछले 15 दिनों से जोरशोर से चलाया जा रहा है। उनके नेतृत्व



में प्रत्येक केंद्र पर सैकड़ों लोगों ने ऑनलाइन सदस्यता प्राप्त की है। आज भाजपा ओबीसी मोर्चा की ओर से देवघर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 36 के कुंडा गांव में संगठन महापर्व के तहत सदस्यता अभियान चलाया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए डा राजीव रंजन ने कहा कि राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार ओबीसी मोर्चा की ओर से देवघर जिला में 20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित है। अब तक ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सौरभ सुमन की टीम 10 हजार के आंकड़े को पार कर गई। आने वाले समय में तय समय सीमा तक ओबीसी मोर्चा अपने लक्ष्य को जरूर प्राप्त करेगी। मोर्चा के कार्यकर्ता गांवों में घर घर पहुंच कर लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में तन मन धन से जुटे हुए हैं और शक्ति केंद्र व बूथों पर लोगों को भाजपा की नीति सिद्धांत से वाकिफ कराते हुए लोगों को संगठन से जोड़कर सदस्य बनाने का काम कर रहे हैं। देवतुल्य भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं के मेहनत काबिले तारीफ है। मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के देवघर जिला प्रभारी डा राजीव रंजन, जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा सौरभ सुमन, प्रमेश राव, सुमन यादव, मंटू राउत सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जामताड़ा सदर प्रखंड में जेएसअलपीएस और झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक मेझिया के संयुक्त प्रयास से मेगा लोन सह वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन

**संवाददाता/ जामताड़ा ।** आज जामताड़ा सदर के दुलाडीह एवं चलना संकूल के सखी मंडल का संयुक्त रूप से झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक मेझिया में जेएसअलपीएस एवम जेआरजीबी के संयुक्त तत्वाधान में मेगा लोन शिविर सह वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें संयुक्त रूप से दुलाडीह



एवं चलना क्लस्टर के उपस्थित कुल 30 सखी मंडल को वित्तीय समावेशन से संबंधित जानकारी बारी बारी से सभी पदाधिकारियों द्वारा समझाते हुए पैसे का रखरखाव,खर्च का प्रबंधन,वित्तीय फ्रॉड से बचने के उपाय और बीमा के लाभ एवं आजीविका से जुड़े प्रशिक्षण के लिए आरसेटी से चल रहे प्रशिक्षण बारे में जानकारी देकर सखी मंडल की दीदी को अवगत करवाया गया। बैंक के द्वारा आज के शिविर में कुल 27 सखी मंडल का फर्स्ट एवं एनहांसमेंट लिंकेज किया गया साथ ही साथ सेंशन लेटर भी दिया गया इस कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक शफीक अंसारी,शाखा प्रबंधक मेझिया चंडीचरण मंडल ,डिस्ट्रिक्ट मैनेजर फाइनेंशियल इंक्लूजन लाल बिहारी गुप्ता, सामुदायिक समन्वयक इकबाल अहमद,अनिमा देवी,बैंक सखी राधिका पंडित , जेएसअलपीएस शकुंतला, बुनु मंडल ,संकुल पदाधिकारी और सभी टीम और सैकड़ों की संख्या में सखी मंडल की दीदियों ने अपनी उपस्थित दर्ज कर कार्यक्रम को सफल बनाया।।

# उपायुक्त ने मीना बाजार स्तिथ सब्जी मंडी में आगजनी की घटना का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का लिया जायजा....

**देवघर।**

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर ने नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत मीना बाजार स्तिथ सब्जी मंडी में आगजनी की घटना का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त ने मीना बाजार आगजनी की घटना से पीड़ित दुकानदारों एवं व्यापारियों से बातचीत करते हुए आश्वस्त





किया की राज्य सरकार और जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग व सहायता प्रदान की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने आगजनी के मामले को लेकर नगर आयुक्त व अनुमंडल पदाधिकारी को जांच करने का निर्देश दिया है, ताकि आगजनी के कारण का पता चल सके। साथ ही उपायुक्त ने मीना बाजार के दुकानों में लगी आग से होने वाली क्षति का आकलन करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया है, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। आगे उपायुक्त ने सब्जी मंडी में सुरक्षा के दृष्टिकोण से लगातार पुलिस पेट्रोलिंग के साथ गार्ड को प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया। साथ ही मौके पर दुकानदारों की समस्याओं को लेकर उपायुक्त ने हरसंभव सहयोग व सहायता उपलब्ध कराने एवं उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान की बात कही, ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।

# विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया ब्रह्मा बाबा की 56 वीं पुण्यतिथि

**दुमका।**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय दुमका सेवा केंद्र में दिन शनिवार को ब्रह्मा बाबा की 56 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में दुमका के सीई ओ अमर कुमार पत्रकार राजीव रंजन, आनंद जायसवाल मनोज केशरी, चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव मनोज घोष, संदीप कुमार जय बम बम, राधे श्याम वर्मा एवं संस्था के सभी भाई-बहनों ने ब्रह्मा बाबा के शांति स्तंभ में अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।
संस्था की संचालिका ब्रह्माकुमारी जयमाला दीदी ने ब्रह्मा बाबा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नारी को शक्ति बनाने का विश्व





का सबसे बड़ा और विशाल संगठन की नींव रखने वाले ब्रह्माकुमारी संस्थान के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने 18 जनवरी 1969 को 93 वर्ष की आयु में संपूर्णता की और अव्यक्त हो गए। उनके अव्यक्त होने के बाद संस्थान की बागडोर मुख्य प्रशासनिक राज योगिनी दादी प्रकाश मणि ने संभाली। बाबा के त्याग, तपस्या का ही परिणाम है कि खुद पीछे रहकर उन्होंने नारी शक्ति को आगे बढ़ाया। उन्हीं की वजह से आज पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति और अध्यात्म का परचम लहर रहा है।
कार्यक्रम में ब्रह्मा कुमार डॉ0 पियूष रंजन ने कहा कि नारी नरक का द्वार नहीं, सर का ताज है। नारी अबला नहीं, सबला है। वह तो शक्ति स्वरुप है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और नारी के उत्थान के संकल्प के साथ खोया हुआ सम्मान दिलाने, भारत माता व वंदे मातरम की गाथा को सही अर्थों में चरितार्थ करने के निमित्त वर्ष 1937 में भारत के प्रसिद्ध व्यापारी दादा लेखराज कृपलानी ने परिवर्तन की नींव रखी। नारी उत्थान को लेकर उनका संकल्प था। उन्होंने अपनी सारी जायदाद बेचकर एक ट्रस्ट बनाया और उसमें संचालन की जिम्मेवारी नारियों को सौंप दी। इतने बड़े त्याग के बाद भी खुद को कभी आगे नहीं रखा। सी ओ ने भी कहा कि अपने जीवन में अध्यात्म की मुख्य शिक्षा से स्वयं को परिवर्तित कर विश्व परिवर्तन और नैतिक मूल्यों की स्थापना करनी है। ब्रह्माकुमारी संस्था नारी शक्ति द्वारा संचालित दुनिया की सबसे बड़ी और एकमात्र संगठन है। मुख्य रूप से केंद्र के संचालन की जिम्मेवारी यहां महिलाएं ही संभालती हैं।
डॉ0 मिताली पाराशर ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान से जुड़कर अच्छा अनुभव कर रही हैं, और उनकी इच्छा है कि समाज के सभी वर्गों तक यह संदेश पहुंचे। सेवा के लिए राज योग का ज्ञान जन-जन तक पहुंचाने के लिए अपनी ओर से पूरा प्रयास करेंगी, इतना ही नहीं, सोशल मीडिया के माध्यम से यह संदेश फैलाने का काम भी करेंगी।
संस्था के मुख्य सहयोगी भाई बहनों ने भी सामूहिक रूप से बाबा को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। बंटी अग्रवाल, राजू अग्रवाल, अर्जुन हरनानी, रामप्रवेश पंडित, गणेश मंडल, कंचन देवी, जय श्री हरनानी, हर्षित हरनानी एवं सभी मुख्य भाई बहनों ने इस अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

## न्यूज़ अपडेट

### डी. ए. वी. महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल, सिल्ली

**सिल्ली:।** डी .ए .वी महात्मा आनंद पब्लिक स्कूल, सिल्ली के प्रांगण में भक्ति वेदांता श्री श्री राधा रमन गुरुकुल कुटाम के सौजन्य से भगवत गीता जयंती का उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भागवत कथा, कीर्तन और तुलसी पूजा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरुकुल से आए आचार्यगण, प्राचार्या बी.शरण तथा विद्यालय के शिक्षकों का अहम भूमिका रहा। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं तथा शिक्षक शिक्षिका आनंदपूर्वक कथा को सुने और कीर्तन में शामिल हुए।




### गाल्होवार मुखिया मंजू देवी के द्वारा कंबल का वितरण किया गया




**श्रमबिंदु ।विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत गाल्होबार पंचायत सचिवालय में शनिवार को मुखिया मंजू देवी ने बढती ठंड को देखते हुए सरकार द्वारा उपलब्ध 20 कंबल को विधवा, असहाय, वृद्ध एवं जरूरतमंद लोगो के बीच वितरण किया। वितरण के मौके पर कहा कि इस ठंड के मौसम में गर्म कपड़े और कंबल की जरूरत सबसे ज्यादा होती है। मेरे तरफ से गरीब और जरूरतमंद लोगों की सेवा करना मुख्य उद्देश्य है जिसके लिए लगातार प्रयासरत हैं। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व पंसस छोटी शर्मा ने कहा कि इस कपकपाती ठंड में मिले कंबल को लाभुक ओढ़ साथ ही इसका सही उपयोग करें। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि छोटी शर्मा,किशोर शर्मा,बाबूलाल प्रजापति,कारू रवानी,जोधन प्रजापति,शांति देवी,द्रौपदी देवी,पिसनी देवी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### 22 जनवरी को छावनी फुटबॉल मैदान में होगा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन।

**श्रमबिंदु/रामगढ़।** नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु झारखण्ड पुलिस की अनूठी पहल के तहत 22 जनवरी को 11:00 बजे से छावनी फुटबॉल मैदान रामगढ़ में ₹जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें रामगढ़ जिला के आम नागरिक उपस्थित होकर अपना शिकायत दर्ज करवा सकते है जिसका निष्पादन त्वरित गति से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान ही किया जाएगा एवं ऐसे मामले जिनका निष्पादन कार्यक्रम के दौरान नहीं किया जा सकेगा उन्हें एक निर्धारित समय बताया जाएगा उस निर्धारित समय अवधि के अन्दर प्राप्त शिकायतों का निष्पादन किया जाएगा। साथ ही रामगढ़ पुलिस द्वारा निर्गत मोबाईल नं0-9162388444 एवं Email id- janshikayat- rgh@jhpolice.gov.in पर रामगढ़ जिले की आम जनता अपनी शिकायतों/समस्याओं को साझा कर सकतें हैं।*

### ओल्ड एज होम,वात्सल्य धाम और आवासीय विद्यालयों में कंबलों का हुआ वितरण

**श्रमबिंदु/रामगढ़।** ठंड के मद्देनजर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलको एवं सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा शाखा शंकर प्रसाद के द्वारा छतरमांडू स्थित ओल्ड एज होम में बुजुर्गों के बीच तथा वात्सल्य धाम, दिव्यांग आवासीय विद्यालय लारी चितरपुर एवं डिवाइन ओंकार मिशन आवासीय विद्यालय रामगढ़ में बच्चों के बीच कंबलों का वितरण किया गया।

# दौलत महतो कॉलेज बनासो के द्वारा कोनार डैम में वन भोज कार्यक्रम का आयोजन

**श्रमबिंदु ।विष्णुगढ़।**



प्रखंड के बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के द्वारा शनिवार को कोनार डैम में वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के सचिव गौरव पटेल शामिल हुए। उन्होंने प्रशिक्षुओं एवं शिक्षकों के साथ बैठकर सामूहिक भोजन किया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होने से सामूहिक रूप से विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाने और कौशल विकास करने का अवसर प्राप्त होता है।प्राचार्य डॉ० सुनील कुमार चतुर्वेदी ने अपने सम्बोधन में कहा की ऐसे कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य प्रशिक्षुओं में समरसता और समन्वय के भाव को सिखाना है। प्रशिक्षुओं एवं प्राध्यापकों ने कोनार डैम की खूबसूरती और कल-कल करती पानी के लहरों का आंनद लिया। मुख्य रूप से महाविद्यालय की आई०क्यू०ऐ०सी० कॉर्डिनेटर एवं एन०एस०एस० कार्यक्रम पदाधिकारी स्वर्णा मिश्रा, सहायक प्राध्यापकगण
जिनमें बबली कुमारी, ओमकार नाथ शर्मा, अशोक कुमार झा, वीरेन्द्र देव, शशिभूषण देव, राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार बर्मा, प्रवीण कु० जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, अद्दश मुखर्जी, डॉ० सतीश चंद यादव, जयपाल राणा, डॉ० अम्बरीश कु० दुबे, डॉ० विजयकांत चक्रवर्ती, सीमा, अजीत कुमार, भुवनेश्वर कुमार महतो, संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रीती पुनम हेमब्रम, प्रकाश कुमार, आजाद, नाजरा, सुनीता एवम 2024-26 के सभी प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रही।

## शिक्षा के साथ नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है : प्रदीप प्रसाद

**संवाददाता।**



**हजारीबाग ।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग में शिशु नगरी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव मौजूद थे।बच्चों की रचनात्मक प्रस्तुतियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने इस आयोजन को खास बना दिया। कार्यक्रम मे बच्चों ने शिशु नगरी की थीम पर आधारित सुंदर और प्रेरणादायक झांकियां प्रस्तुत कीं। ये झांकियां भारतीय संस्कृति, परंपराओं और शिक्षा के महत्व को प्रदर्शित कर रही थीं। विधायक प्रदीप प्रसाद ने बच्चों और विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा इस तरह के आयोजन बच्चों की रचनात्मकता और व्यक्तित्व को निखारने का एक शानदार माध्यम हैं। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।
उन्होंने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और शिक्षकों एवं प्रबंधन समिति के प्रयासों की सराहना की।मौके पर विद्यालय कमेटी के अध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह, सचिव जयप्रकाशआनंद, उपाध्यक्ष अनीता कुमारी, विद्यालय प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार सिंह, विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चे मौजूद थे।

### भेलवा टुंगरी सह स्मृति स्व काशीनाथ महतो मेला की तैयारी पूरी



**सिल्ली।** आगामी 21जनवरी को होने वाली भेलवा टुंगरी सह स्मृति स्व काशीनाथ महतो मेला की तैयारी पूरी कर ली गई है !
इसको लेकर शनिवार को सुबह मेला कमिटी तथा ग्रामीणों की एक वैठक मुखिया लालू राम उरांव की अध्यक्षता में की गयी
एवं संचालन फारूक मोमिन ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन धनेश्वर बेदिया ने किया। मेला में टुसू प्रदर्शनी,महिला, पुरूष फुटबॉल,क्रिकेट प्रतियोगिता,महिला पाता नाच, मुर्गा लड़ाई,आयोजन किया गया है ! सभी कार्यक्रम को सफल संचालन के लिए कमिटी के सदस्यों को जिम्मेदारियां दी गई।
इस मौके पर अध्यक्ष विकास महतो, सचिव लक्ष्मण महतो,मनोहर महतो ,हराधन महतो कैलाश महतो सुभाष महतो, विशाल महतो, शिशुपाल महतो,जितेंद्र महतो, बिंदेश्वर महतो ,सनातन महतो बंशीधर उरांव,राजेंद्र महतो,जीतू महतो,मुकेश महतो,दिलीप मिंज,हरेंद्र उरांव,लोबिन महतो,मुकेश महतो समित काफी संख्या में लोगों उपस्थित थे।

## चौपारण प्रखंड में प्रधानाध्यापक, मिडिल मैनेजर कार्यशाला संपन्न

**संवाददाता।**



**चौपारण :।** चौपारण प्रखंड के आदर्श मध्य विद्यालय में PVTG MAITRI प्रोग्राम के अंतर्गत पिरामल फाउंडेशन कैवल्या एजुकेशन फाउंडेशन की टीम के द्वारा शिक्षा विभाग के साथ सहयोग से मिडिल मैनेजर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला चौपारण प्र-खंड के 20 पंचायतों से सिलेक्टेड डेमो स्कूलों के प्रधानाध्यापक (HM), सीआरपी, बीआरपी के लिए आयोजित की गई जिसका उद्देश्य कक्षा एक से पांचवी तक के विद्यार्थियों में भाषा ज्ञान और अंक ज्ञान के स्तर को बढ़ाने के लिए रहा । इसके साथ बच्चों के स्तर को बढ़ाने तथा बच्चों की स्कूल में नियमित उपस्थिति के लिए पंचायत की क्या भागीदारी रह सकती है इस विषय पर विस्तार से सीनियर प्रोगाम लीड कुमार ताराचंद्र के द्वारा चर्चा किया गया , साथ ही पंचायत स्तर पर मुखिया के माध्यम से वॉलिंटियर्स को सेलेक्ट करके मोहल्ला क्लासेस, रीडिंग कैंपेन को चालू करवाना, स्कूल में लाइब्रेरी का उपयोग, रटउ को नियमित करना ओर PTM में समुदाय के भागीदारी रहना इन सभी विषयों पर विस्तार के चर्चा की गई यह कार्यशाला प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की उपस्थिति में की गई इस दौरान प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश कुमार पीरामल फाउंडेशन प्रोग्राम मैनेजर गरिमा सिंह, प्रोग्राम लीड शुभम कुमार, गांधी फेलो,और आकांक्षी प्रखंड फेलो उपस्थित रहें।

### भाजपा द्वारा सदस्यता अभियान



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड क्षेत्र के गांव गांव जाकर सिल्ली मंडल भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीणों से मिलकर बैठक कर इस सदस्यता अभियान में जोड़ रहे हैं।इस मौके पर राजेंद्र साय,चन्दन गोस्वामी, समेत भाजपा के कार्यकर्ता शामिल हैं

### नाई समाज की बैठक में जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाने का निर्णय

**टाटीझरिया ।** नाई समाज टाटीझरिया प्रखंड कमेटी की बैठक छोटा डहरभंगा में शनिवार को हुई। इस बैठक की अध्यक्षता समाज के प्रखंड अध्यक्ष सुखदेव ठाकुर, जबकि प्रवीण शर्मा ने संचालन किया। बैठक में मुख्य रूप से 24 जनवरी को जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती भव्य तरीके से मनाने पर सहमति बनी। सुखदेव ठाकुर ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की महानता को याद किया, जिन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि कर्पूरी ठाकुर ने ईमानदारी से मुख्यमंत्री पद का दायित्व निभाया और गरीबों के बच्चों को शिक्षा का अधिकार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा प्रवीण शर्मा ने भी कर्पूरी ठाकुर की महानता पर प्रकाश डाला। बैठक में समारोह की सफलता के लिए कोष संग्रह करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर नर्सिंह ठाकुर, बैजनाथ ठाकुर, भोला ठाकुर, गोविंद ठाकुर, मानकी ठाकुर, जागो ठाकुर, धानेश्वर ठाकुर, दिनेश ठाकुर, मथुरा ठाकुर, राजू ठाकुर, अमृत ठाकुर , चांदो ठाकुर , नारायण ठाकुर, गोवर्धन ठाकुर सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

### इचाक में दो बच्चों की मां ने फांसी से लटककर दी जान

**इचाक।** इचाक के फुरूक्का गांव में दो मासूम बच्चे की मां ने फांसी से लटककर जान दे दी।घरेलू कलह से तंग महिला ने शुक्रवार दिन में मौत को गले लगा लगा लिया। घटना के दिन मृतक महिला सुषमा देवी 31वर्ष पति सुनील तुरी दो गोतनी और बूढ़ा सास ससुर के साथ घर में थी। जबकि मृतिका के पति सुनील तुरी करीब सात आठ माह से मजदूरी के लिए बाहर गया हुआ है।जो घटना की खबर सुनकर घर के लिए निकल चुका है।ग्रामीण सूत्रों के मुताबिक घर वालों को घटना की जानकारी तब हुई जब सुषमा के गोतनी और बच्चों ने उसके कमरे में झांका तो देखा कि सुषमा फांसी से लटकी हुई है।मृतिका के एक बेटा सिराज सात साल जबकि बेटी पांच साल की है। जो मां के मौत से फूटफूट कर रोने पर विवश है।मृतिका सुषमा का माइका बिहार की किसी जिले में है।उसके माइका वालों को घटना की सूचना दे दी गई है।माइका वाले फुरुक्का के लिए निकल चुके है।मामले की सूचना पुलिस को है या नहीं इसकी जानकारी नहीं मिल पाई कारण कि थाना प्रभारी संतोष कुमार के क्राइम मीटिंग में होने के कारण स्विच ऑफ मिला। मृतका के शव को पति और माइका वाले के आने के इंतजार में शुक्रवार शाम तक अंतिम संस्कार नहीं हो सका था।

### टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के 107 विद्यार्थियों ने लिखा जवाहर नवोदय विद्यालय का प्रवेश परीक्षा

**टाटीझरिया(हजारीबाग) ।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय में अध्ययन के लिए प्रवेश परीक्षा लिखा। यह परीक्षा पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों द्वारा लिखी जाती है। इस विद्यालय में प्रवेश के लिए क्षेत्र के 159 विद्यार्थियों ने प्रपत्र भरा था। इनमें से 107 विद्यार्थी ने परीक्षा में भाग लिया। इसके लिए एक ही परीक्षा केंद्र उत्क्रमित उच्च विद्यालय टाटीझरिया को बनाया गया था। केंद्र का प्रभारी ज्योति रानी,जबकि सी एल ओ अभिषेक अविरल, बी पी एम चंद्रभूषण मिश्रा के निगरानी में परीक्षा ली गई। विक्षण कार्य में मोहन रविदास,शशिभूषण सिंह,अब्दुल हकीम,कुमारी माधुरी,पुरुषोत्तम, सुरेंद्र यादव,रश्मि कुमारी,शीला कुमारी लगाये गए थे।

## साहित्य के माध्यम से संवाद की कला से रूबरू होंगे घाटशिला कॉलेज के विद्यार्थी : प्राचार्य डा चौधरी

**घाटशिला।**

घाटशिला कॉलेज, घाटशिला और साहित्य कला फाउंडेशन के मध्य छात्र-छात्राओं को साहित्य से जोड़ने एवं व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास को ध्यान में रखते हुए संवाद की प्रक्रिया में शामिल करने के उद्देश्य से एक एमओयू किया गया। इस एमओयू पर घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर के चौधरी एवं साहित्य कला फाउंडेशन की मुख्य ट्रस्टी डा क्षमा त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किया।

**साहित्य कला परिषद का हुआ गठन**




इसके तहत प्राचार्य ने घाटशिला कॉलेज के बांग्ला विभाग के अध्यक्ष डॉ संदीप चंद्र को संयोजक नियुक्त किया, जो साहित्य कला परिषद का पूर्ण गठन कर फाउंडेशन को सूचित करेंगे और विविध कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करेंगे। प्राचार्य डॉ चौधरी ने कहा कि साहित्य में अभिरुचि रखने वाले सभी शिक्षकों एवं छात्रों को इसमें सम्मिलित किया जाएगा। इस अवसर पर यह तय किया गया कि वर्ष में दो बार कम से कम किसी बड़े लेखक को आमंत्रित कर उनकी लेखन प्रक्रिया और उनके पुस्तकों पर लेखक से संवाद किया जाएगा और प्रश्नोत्तर के माध्यम से साहित्य की समझ विकसित की जाएगी। वर्ष में एक बार समेकित रूप से एक वार्षिक कार्यक्रम होगा जिसमें अन्य महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के छात्र छात्राएं अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित कर पाएंगे।

साहित्य कला फाउंडेशन की मुख्य ट्रस्टी डॉ क्षमा त्रिपाठी ने साहित्य कला फाउंडेशन के गठन के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह साहित्यकारों का अपने युवा पीढ़ी से संवाद स्थापित करने की दिशा में एक प्रयास है। अगर बच्चे साहित्य से जुड़ते हैं तो निश्चित रूप से उनके व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास होगा और इसका प्रभाव समाज पर भी पड़ेगा और संस्कृति को सही ढंग से समझने में भी मदद मिलेगी। साहित्य कला फाउंडेशन लेखकों को आमंत्रित करने और उनके खर्च आदि की व्यवस्था करेगी।
इस अवसर पर उपस्थित साहित्य अकादमी के पूर्वोत्तर क्षेत्र के पूर्व संयोजक डॉ अशोक अविचल ने साहित्य को संवाद का माध्यम बताया और उम्मीद जाहिर की कि सच्चे वातावरण में सभी शिक्षकों की सहमति से प्राचार्य जी ने जो साहित्य कला परिषद का गठन किया है, वह अपने सही उद्देश्य को प्राप्त करेगी।

प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने समूह का स्वागत करते हुए आज के दिन को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि मुझे विश्वास है कि साहित्य कला फाउंडेशन के साथ हुए इस सहमति पत्र पर हस्ताक्षर के साथ ही साहित्य कला परिषद अस्तित्व में आ चुका है और भविष्य में यहां के छात्रों का जो अनुशासन है और शिक्षकों की जो कर्तव्य निष्ठा है, वह यहां आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में स्पष्ट दिखेगी। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं साहित्य से रुचि रखता हूं और हमारे महाविद्यालय के कई ऐसे शिक्षक भी हैं जो लिखने में रुचि रखते हैं, उनमें साहित्यिक अभिरुचि है, उन सबों की सक्रियता और सजकता से छात्रों के भीतर जो सृजनात्मक क्षमता है वह बाहर आ पाएगी।

फाउंडेशन के ट्रस्टी और जाने-माने पत्रकार बृजेश कुमार मिश्रा ने भी बैठक को संबोधित किया और फाउंडेशन किस प्रकार से काम करती है उसे पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्राचार्य के निर्देशन में जो भी साहित्य कला परिषद तय करेगी, वह फाउंडेशन को सूचित होने पर सम्यक विमर्श के उपरांत उसके लिए व्यवस्था की जाएगी और स्तरीयता के साथ कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

इस मौके पर काफी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी एवं साहित्य कला फाउंडेशन के अधिकारी उपस्थित थे।

## नीलगिरी मेला धुमधाम से सम्पन्न



**सिल्ली।**

सिल्ली प्रखंड अंतर्गत छोटा चांगडु के नीलगिरी पहाड़ में टुसू मेला धुमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। मेले का संचालन त्रिलोचन बड़ाइक ने किया। मेले में टुसू (चौड़ाल) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दुर दराज से ग्रामीण महिलाएं टुसू लेकर मेले में पहुंचे। मेले में काफी भीड़ जमी रही।सुबह से ही नीलगिरी पहाड़ में श्रद्धालुओं की भीड़ जमी रही एवं मंदिर में पुजा अर्चना किया। धीरे धीरे भीड़ मेले में तब्दील हो गई। मेले में खाने पिने के साथ और भी कई प्रकार के स्टाल लगाए गए थे। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में सिल्ली विधायक अमित महतो शामिल हुए।साथ ही सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दिए। साथ ही जिला परिषद लक्ष्मी देवी, जिला उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, ने सभी को नववर्ष एवं मेले को लेकर हार्दिक शुभकामनाएं दिए। टुसू प्रतिभागि विजेताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा करियाडिह निवासी ललीता देवी,को प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया मेले में बच्चों के लिए सेल्फी पांइट भी लगाया गया था। मेले को सफल बनाने में निलगिरी मेला समिति का काफी सरहानिय योगदान रहा।

न्यूज अपडेट

## एसपी ने थाना भवन को 26 जनवरी पूर्व पूर्ण करने का दिया निर्देश

**हिरणपुर/पाकुड़।** पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने शनिवार को हिरणपुर में निर्माणाधीन थाना भवन का निरीक्षण कर 26 जनवरी पूर्व निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। एसपी ने भवन निर्माण कार्य मे लगे हेड मिस्त्री से आवशयक जानकारी लिया। वही भवन के हाजत कक्ष, कार्यालय, आवासीय कक्ष आदि कमरों का गहनता से अनुश्रवण किया। वही थाना भवन में लगे स्टील के रेलिंग के गुणवत्ता का भी जांच किया। इसके बाद चाहरदीवारी कार्य आदि का भी निरीक्षण किया। एसपी ने कनीय अभियंता को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 26 जनवरी के पूर्व निर्माण कार्य किसी भी हालात में पूर्ण होना चाहिए। वही थाना प्रभारी रंजन सिंह से थाना से सम्बंधित मामलों को लेकर जानकारी लिया व आवशयक दिशा निर्देश दिया।

## चोरी की घटना को लेकर मामला दर्ज

**हिरणपुर/पाकुड़।** बीते गुरूवार की रात हिरणपुर रेंजर कार्यालय निकट स्थित आइडियल कंट्रक्शन कम्पनी कार्यालय में हुई चोरी मामले को लेकर थाना में मामला दर्ज की गई है। कम्पनी के माधव चन्द्र सिंह ने दर्ज मामले में कहा है कि रात को अज्ञात चोर द्वारा लोहे की ग्रिल को काटकर चोरी की घटना का अंजाम दिया। जहां चोर ने दराज को तोड़कर 4.25 लाख की चोरी कर लिया। इस घटना को लेकर पुलिस सघन रूप से जांच में जुटी हुई है। वही संदिग्ध लोगों से भी निरन्तर पूछताछ कर रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज को भी पूरी तरह खंगाल रही है। वही अन्य स्त्रोतों से भी सघन रूप से जांच में जुटी हुई है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी रंजन सिंह ने बताया कि जल्द ही अपराधी पुलिस गिरफ्त में होगा।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जरूरतमन्दों के बीच किया कम्बल वितरण

**हिरणपुर/पाकुड़/** बीडीओ टुडू दिलीप ने शनिवार को घाघरजानि स्थित प्रखंड कार्यालय परिसर में जरूरतमन्दों के बीच कम्बल का वितरण किया। ठंड को देखते हुए बीडीओ ने कई गांवों के महिला पुरुषों को कम्बल दिया। बीडीओ ने बताया कि सभी पंचायतों में भी कम्बल वितरण जल्द ही कि जाएगी।

## अदाणी पावर के अधिकारियों ने आदिवासी समुदाय के साथ मनाया सोहराय पर्व

- **अदाणी फाउंडेशन की ओर से जरूरतमंदों के बीच किया गया कंबल वितरण**

**पाकुड़।** सोहराय पर्व के अवसर पर पेटवी संथाली गांव में एक भव्य आयोजन किया। इस कार्यक्रम में अदाणी पावर प्लांट के स्टेशन हेड रमेश झा, ऑपरेशन हेड श्री प्रसून चक्रवर्ती के साथ बक्सरा पंचायत के पूर्व मुखिया हेमंत मंडल व अदाणी पावर प्लांट के विभिन्न विभाग प्रमुखों ने भाग लिया। ग्रामीणों ने इन अतिथियों का पारंपरिक और गर्मजोशी भरा स्वागत किया। श्री रमेश झा ने कहा, ₹सोहराय पर्व हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है। अदाणी फाउंडेशन समूह का प्रयास है कि हम न केवल सामाजिक विकास में योगदान दें, बल्कि स्थानीय संस्कृति को भी प्रोत्साहित करें।इस अवसर पर अदाणी फाउंडेशन की ओर से जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। ग्रामीणों ने फाउंडेशन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस सांस्कृतिक उत्सव का उद्देश्य आदिवासी समुदाय की परंपराओं का सम्मान करना और उनके साथ संबंधों को सुदृढ़ करना था। इस तरह के आयोजन न केवल सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का माध्यम है, बल्कि अदाणी समूह और स्थानीय समुदाय के बीच आपसी सहयोग और विश्वास को भी और मजबूत करता है।

## 25 जनवरी को होगा मैराथन फार एजुकेशन का आयोजन

**पाकुड़।** 76 गणतंत्र दिवस के पूर्व दिवस यानी 25 जनवरी 2025 को प्रातः 9:00 बजे आर्ट ऑफ गिविंग झारखंड के तत्वाधान में आर्ट ऑफ गिविंग जिला इकाई पाकुड़ के द्वारा शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से मैराथन फार एजुकेशन का आयोजन किया गया है।इस आशय की जानकारी आर्ट ऑफ गिविंग के जिला सचिव हिसाबी राय ने दिया।इस बाबत आर्ट ऑफ गिविंग की बैठक रेलवे मैदान पाकुड़ में आयोजित किया गया,जिसकी अध्यक्षता संजय कुमार ओझा ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से अविनाश पंडित, अजय कुमार राय ,सादेकुल आलम, निर्भय सिंह मौजूद रहे। बैठक में तय किया गया की मैराथन का एजुकेशन कार्यक्रम के संयोजक अनिकेत गोस्वामी को मनोनीत किया गया। उक्त कार्यक्रम में विधवत उद्घाटन 25 जनवरी को प्रातः 9:00 बजे गांधी चौक पर किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन स्टेशन प्रबंधक पूर्व रेलवे पाकुड़ लखीराम हेंब्रम, निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा करेंगी। उक्त मैराथन में छात्र युवा खिलाड़ीगण शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दौड़ेंगे। बैठक में कपिल रजक, राजनाथ गुप्ता, अभिनव ओझा, अंजनी कुमार मिश्रा, साक्षी राय, रोहित घोष, रोशन भगत, सोमू भास्कर, कन्हैया कुमार, जीत सरदार, शिवम पंडित ,इंद्रजीत कर्मकार ,कबीर सरदार, सन्नी तिवारी, मनीष सरकार, अर्जित दास, चैन कुमार ,आर्यन कुमार ,रोशन सरदार मौजुद थे।

## सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखण्ड सभागार में ग्राम पंचायत विकास योजना 2025-26 के तहत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन शनिवार को किया गया।



राज्य प्रशिक्षक रंजीत आचार्य व अन्य प्रशिक्षकों द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को पंचायत क्षेत्र के लोगों का समुचित विकास के लिये सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत ग्राम पंचायत विकास योजना में योजना का चयन शत प्रतिशत करने के लिए जानकारी दी। योजनाओं का चयन करते समय सतत विकास के 9 स्थानीय लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए योजना का चयन करने के संबंध में जानकारी दिया गया। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में राज्य प्रशिक्षक रंजीत कुमार आचार्य , जयदीप दास ,त्रिलोकी साहु , प्रखंड समन्वयक रविन्द्र महतो , सुभाष चन्द्र महतो द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को सतत विकास के 9 स्थानीय लक्ष्यों, ग्राम पंचायत विकास योजना की प्रक्रिया, जीपीसीसी का उन्मुखीकरण कार्य योजना, बाल सभा, महिला सभा, सामाजिक मानचित्रण आदी विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। 84 प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण दिया गया ।

इस प्रशिक्षण का संचालन पंचायत राज विभाग, झारखण्ड सरकार व सोलुसन संस्था जमशेदपुर द्वारा किया गया। मौके पर बीडीओ एकता वर्मा, वार्ड सदस्य, गुणाधर मांझी आदि उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा समिति और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त तत्वाधान में समाहरणालय प्रांगण में रक्तदान शिविर

- **वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के उचित अनुपालन करें:- उपायुक्त**
- **इस रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य है लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियम, हेलमेट का उपयोग, ड्राइविंग लाइसेंस आदि के संबंध में जागरूक करना है**

श्रमबिन्दु।

**गिरिडीह।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आज समाहरणालय प्रांगण में सड़क सुरक्षा समिति और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य है लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियम, हेलमेट का उपयोग, ड्राइविंग लाइसेंस आदि के संबंध में जागरूक करना। साथ ही बताया गया कि रक्तदान महादान है, इससे हम किसी का जीवन बचा सकते हैं। हर स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन माह में रक्तदान करना चाहिए। इस दौरान उपायुक्त




ने मौके पर उपस्थित रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की वजह से घायल या बीमारी की वजह से रक्त की कमी से जूझ रहे व्यक्ति को, रक्त मिलने से उस व्यक्ति का जीवन बच पाता है। साथ ही सभी से रक्तदान करने की अपील की और अन्य लोगों को भी प्रेरित करने को कहा। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि गिरिडीह जिले में खून की कमी से किसी की मौत न हो, जिला प्रशासन इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में समय समय पर जिला मुख्यालय समेत सभी प्रखंडों में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है ताकि अधिकाधिक संख्या में रक्त का संग्रह किया जाय और जरूरतमंद लोगों को सही समय पर रक्त उपलब्ध कराया जाय। इसके लिए उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों/कर्मियों/रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों और अन्य संबंधित कर्मियों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आगे भी गिरिडीह जिला प्रशासन रक्तदान को लेकर निरंतर बेहतर कार्य करता रहेगा ताकि जिले में रक्त की कमी न हो पाएं। ऐसे में उपायुक्त ने जिलेवासियों से जरूरतमंदों के काम आने के लिए अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आने की भी अपील की। इस दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात के नियम के संबंध में जागरूक करने हेतु हेलमेट का वितरण किया गया।

## साड़म में लगने वाले स्वास्थ्य मेला को लेकर जागरूकता रथ निकाला गया

संवाददाता।

गोमिया, प्रखंड के साड़म अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र में 24 जनवरी को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा । इसको लेकर शनिवार को गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बीडीओ महादेव कुमार महतो, सीओ आफताब आलम, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पुष्पा कुमारी एवं मुखिया बलराम रजक ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। बीडीओ



ने बताया कि स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग के तत्वावधान में प्रखंड के साड़म में 24 जनवरी को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में विभिन्न बीमारियों की जांच और उपचार की सुविधा प्रदान की जाएगी। मेले में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं टीबी, कुष्ठ रोग, ओपीडी, आंख, टीकाकरण और गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए अलग-अलग स्टॉल लगाए जाएंगे। स्वास्थ्य मेला के प्रचार-प्रसार के लिए यह जागरूकता रथ निकाला गया है, जो गांव-गांव में जाकर लोगों को इस मेले के बारे में जागरूक करेगा। मौके पर स्वास्थ्यकर्मी गौतम कुमार, हीरालाल रवानी, रवि कुमार, लक्ष्मी नारायण मजूमदार, सोमनाथ भारती, मनोज सोरेन आदि उपस्थित थे।

## मैथन डिनोबिली स्कूल में धूमधाम से मनाया गया एचीवर्स डे




निरसा।

डिनोबिली स्कूल मैथन में शनिवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ एचीवर्स डे मनाया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि डीवीसी मैथन के डीजीएम (विद्युत) डॉ चंदन कुमार, स्कूल की प्राचार्या शुक्ला चौधरी, अनुपम साहा, अतनु कुमार जाना, डी दत्ता ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर और रॉबेटों डिनोबिली की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। प्राचार्या ने बूके देकर अतिथियों का स्वागत किया। बच्चों ने प्रार्थना गीत और आकर्षक व मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। प्राचार्या ने अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत करते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया। बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। एलकेजी से कक्षा 4 तक के बच्चों को पढाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन, कक्षा टॉपर, शत प्रतिशत उपस्थिति, विशिष्ट पुरस्कार सहित अलग-अलग वर्गों में सहयोगी, परिश्रमी, सचेत, मधुर व्यवहार आदि के लिए ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री कुमार ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और हौसला बढ़ाया। कहा कि बच्चों को पढाई के साथ सर्वांगीण विकास जरुरी है। उपप्राचार्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया। राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ। आयोजन को सफल बनाने में स्कूल की प्राचार्यो सहित शिक्षक व कर्मचारियों ने अहम भूमिका निभाई।

## पीएचईडी के बिजली कनेक्शन काटने से जलापूर्ति बाधित

संवाददाता।

**निरसा।** डीवीसी प्रबंधन ने पीएचईडी विभाग पर करीब 8 करोड़ रुपए का बिजली बिल बकाया होने का आरोप लगाते हुए शनिवार के सुबह 11 बजे मैथन धनबाद जलापूर्ति योजना केंद्र का बिजली कनेक्शन काट दिया। जिससे मैथन धनबाद जलापूर्ति केंद्र बिजली नहीं होने के कारण बंद हो गया है। बिजली कनेक्शन काटे जाने के बाद से धनबाद को पानी सप्लाई नहीं हो सका। रविवार को भी पूरे जिले में जलापूर्ति नहीं हो पाएगी। पूरे धनबाद क्षेत्र में पानी का गहरा संकट हो जाएगा। हालांकि करीब 4 घंटे बाद विभाग के अनुरोध पर डीवीसी ने शाम को करीब साढ़े तीन बजे पुनः बिजली बहाल कर दिया। धनबाद जलापूर्ति



योजना के कनीय अभियंता मो रिजवान ने बताया कि डीवीसी ने शनिवार सुबह 11 बजे मैथन धनबाद जलापूर्ति केंद्र का बिजली आपूर्ति काट दिया था। बताया कि विभाग पर कुछ बकाया है। इस लिए बिजली काटी गई है। वरीय अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। वहीं डीवीसी प्रबंधन ने कहा कि पीएचईडी विभाग पर करीब 8 करोड़ रूपया का बिजली का बकाया है। पिछले अगस्त महीने से अब तक कोई भुगतान नहीं किया है। जिसके कारण बिजली आपूर्ति काटी गई है। हालांकि डीवीसी के कोई भी अधिकारी खुलकर इस पर बोलने को तैयार नहीं हैं। अपना नाम नहीं छापने के शर्त पर यह जानकारी दिया है। उधर बिजली आपूर्ति बाधित होने से पूरा जलापूर्ति केंद्र करीब 4 घंटे तक ठप था। बता दें कि प्रतिदिन मैथन धनबाद जलापूर्ति केंद्र से धनबाद के लिए 77 एमएलडी पानी भेजा जाता है। इससे धनबाद के अधिकतर क्षेत्रों में पानी सप्लाई की जाती है।

# पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार के निर्देश पर प्रत्येक पंचायत में बाल सभा एवं महिला सभा का आयोजन।

संवाददाता।

**संवाददाता जामताड़ा ।** पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार के निर्देश पर प्रत्येक पंचायत में बाल सभा एवं महिला सभा का आयोजन करने का निर्देश प्राप्त हुआ है ।पत्र जारी करते हुए कहा गया है कि सबकी योजना सबका विकास अभियान के सफल संचालन हेतु पंचायत स्तर पर बालसभा एवं महिला सभा का आयोजन किया जाना है। इसके तहत नारायणपुर प्रखंड के पबिया , मदनाडीह , मंझलाडीह ,बांकुडीह,झिलुवा पंचायत एवं जामताड़ा प्रखंड के सुखजोड़ा , रानीडीह , व चालना पंचायत में महिला सभा एवं बाल सभा का आयोजन किया गया । पंचायतो के नजदीकी स्कूल में बाल सभा का आयोजन किया गया। बाल सभा कार्यक्रम का अध्यक्षता संबंधित पंचायत के मुखिया के द्वारा किया गया ।वहीं पंचायत सचिवालय में आयोजित महिला सभा का



अध्यक्षता उपस्थित महिलाओं के द्वारा किया गया। बाल सभा के माध्यम से बच्चों को कई प्रकार के जागरूकता कराई गई । कहा गया कि भारत का संविधान बच्चों के अधिकारों की गारंटी देता है ।संयुक्त राष्ट्र संघ बाल अधिकारों को विशेष रूप से एक स्वस्थ ,भेदभाव रहित वातावरण ,बच्चों का देखभाल ,सम्मान के साथ व्यवहार ,हिंसा मुक्त ,यौन दुर्व्यवहार और शोषण से सुरक्षित वातावरण की कल्पना करता है। भारत यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सभी बच्चे जीवन, विकास, सुरक्षा और भागीदारी के अपने अधिकारों का आनंद ले सके। इसके तहत ग्राम पंचायत नियोजन प्रक्रिया के संबंध में जागरूकता प्रदान किया गया। बच्चों के अधिकारों एवं उत्तरदायित्वों के संबंध में जागरूकता, बच्चों को नैतिक मूल्य की पहचान करने में सहायता करना, ग्राम पंचायत विकास में योगदान देना बच्चों की समस्याओं पर समझ विकसित करना एवं बाल हिंसा उनके बारे में जागरूकता पैदा करना, बच्चों के विकास और जीपीडीपी के लिए उनकी मांगों की एक सूची तैयार करना शामिल रहा। वहीं महिला सभा के दौरान पंचायत के मुखिया द्वारा संबोधित किया गया । कहा कि विगत वर्षों में पंचायती राज की त्रिस्तरीय व्यवस्था अंतर्गत महिलाओं की प्रतिनिधित्व में बहुत बड़ा बदला हुआ है। इसके बावजूद भी महिलाओं की भागीदारी योजना प्रक्रिया अंतर्गत बेहतर करने की पर्याप्त गुंजाइश है। महिलाओं के निर्णय में भागीदारी ,ग्राम पंचायत संसाधनों में महिला संबंधित विकास योजना को प्राथमिकता देना, महिला विकास से संबंधित गतिविधियों के लिए उपयुक्त बजट आवंटन करना और महिला एवं बाल विकास पर केंद्रित समग्र विकास के लिए जीपीडीपी में केंद्रित गतिविधियों को शामिल करना है। इसलिए ग्राम पंचायत के लिए एक समक्ष वातावरण बनाना बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। जहां महिलाएं सक्रिय रूप से भाग ले सके ,ग्राम पंचायत में महिला हितेषी शासन को स्थापित करने हेतु ग्रामीण शासन और जीपीडीपी प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है ।इसमें बताया गया कि ग्राम पंचायत नियोजन प्रक्रिया के संबंध में महिलाओं में जागरूकता प्रदान करना, महिलाओं को उनके अधिकारों एवं उत्तरदायित्वों के संबंध में जागरूकता करना ,महिलाओं को स्वयं को समान हिस्सेदारी वाले नागरिक के रूप में पहचान और सहायता करना ,अपने ग्राम पंचायत के विकास में योगदान देना ,महिलाओं के मुद्दों पर जागरूकता लाकर उनको प्राथमिकता देना ,महिलाओं द्वारा अपने विकास और जीपीडीपी के लिए मांगों की एक सूची तैयार करना शामिल है। कहा की राज्य एवं भारत सरकार के द्वा-रा महिलाओं एवं बाल विकास के लिए कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है ।इसके लिए घरेलू महिलाओं को जागरुक होकर आगे आना होगा। अपने आने वाले पीढ़ीयो को शिक्षित करना होगा ।जब तक जागरूक और शिक्षित नहीं होंगे। तब तक समाज सशक्त नहीं हो सकता है। मौके पर मुखिया जलसिंह बेसरा, मनोरथ मरांडी ,सुचिता हेंब्रम, छुवी मरांडी, जोसेफ मुर्मू ,सरिता हेंब्रम, पंचायत सचिव प्रदीप भट्टाचार्य, दिलीप मंडल, सुधीर महतो, उमु नारायण मंडल , पंसंसे कांचन मंडल , गणेश मरांडी , रोजगार सेवक दुलाल मंडल सहित तमाम पंचायत के प्रतिनिधि शामिल रहे।

## नवोदय परीक्षा में दूसरे के बदले टुंडी में परीक्षा दे रहे बिहार के दो किशोर गिरफ्तार

श्रमबिंदु /धनबाद ।

टुंडी के प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, कोल्हर में शनिवार को आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में फर्जीवाड़ा करते हुए बिहार के दो किशोर युवक पकड़े गए। दोनों युवक उत्क्रमित मध्य विद्यालय ठेठाटांड़ के छात्रों की जगह परीक्षा दे रहे थे। पकड़े गए किशोर में एक बक्सर जिले का निवासी है, जबकि दूसरा रोहतास जिले का रहने वाला है।

» आधार कार्ड में फोटो बदलकर दे रहे थे परीक्षा

जांच के दौरान जवाहर नवोदय विद्यालय के पर्यवेक्षक दिनेश राम मुंडा को शंका हुई। गहन पूछताछ में पता चला कि दोनों किशोर एडमिट कार्ड और आधार कार्ड में फोटो बदलकर ठेठाटांड़ के दो छात्र के बदले परीक्षा में शामिल हुए थे।

» बक्सर का शिक्षक निकला मास्टरमाइंड

फर्जीवाड़े का मास्टरमाइंड बिहार के बक्सर का एक निजी शिक्षक उदय कुमार बताया जा रहा है। उसने करीब एक दर्जन फर्जी परीक्षार्थियों को टुंडी के विभिन्न परीक्षा केंद्रों तक पहुँचाया। पकड़े गए छात्रों ने बताया कि उदय कुमार ने इन छात्रों का मोबाइल



अपने पास रखा था और फर्जी दस्तावेज तैयार किए थे।

» स्थानीय शिक्षकों की भूमिका संदिग्ध

मामले में टुंडी के कुछ शिक्षकों की संलिप्तता भी सामने आ रही है। उदय कुमार ने इन शिक्षकों के माध्यम से बिहार के छात्रों का स्थानीय विद्यालयों में नामांकन कराया और उनके माध्यम से नवोदय विद्यालय परीक्षा में भाग लेने का जाल बिछाया।

» जांच के दायरे में पहले भी आया ठेठाटांड़ विद्यालय

उत्क्रमित मध्य विद्यालय ठेठाटांड पूर्व में भी नवोदय परीक्षा में फर्जीवाड़े के कारण चर्चा में रह चुका है। नेतरहाट के प्रवेश परीक्षा में भी इस विद्यालय से कई छात्रों की सफलता जांच के दायरे में आई थी, लेकिन बाद में मामला दबा दिया गया।

» पुलिस की कार्रवाई जारी

मामले की सूचना पर टुंडी अंचलाधिकारी जितेंद्र प्रसाद और थाना प्रभारी उमाशंकर ने मौके पर पहुँचकर दोनों किशोरों को हिरासत में लिया। पुलिस पूरे रैकेट की तह तक जाने के लिए जांच कर रही है। इस घटना ने ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के लिए निर्धारित कोटे में हो रहे फर्जीवाड़े को उजागर कर दिया है।

न्यूज़ अपडेट

## पड़ोसी के बीच नाली के पानी की बहाव को लेकर मारपीट,दो गंभीर रूप से घायल

**श्रमबिंदु /धनबाद** । चिरकुंडा, चिरकुंडा थाना स्थित सुंदरनगर में नाली के पानी के बहाव को लेकर दो पड़ोसियों के बीच जमकर मारपीट हुई जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।जिसमें घायल एक को धनबाद रेफर कर दिया गया है।

दोनो तरफ से चिरकुंडा थाना में लिखित शिकायत दर्ज की गई है।पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

इस संबंध में सुंदरनगर निवासी अमरकांत रवानी ने लिखित शिकायत में कहा है कि मेरे पड़ोसी सुमित झा व उनके चाचा पप्पू झा घर के सामने उनके द्वारा बहाए जानेवाले नाली के पानी को लेकर गाली गलौज कर रहा था इसी बीच गाली देने का कारन पूछा तभी चाचा पप्पू झा पीछे से पकड़ लिया व सुमित झा घर से बेंत लेकर आया और ताबड़तोड़ मारपीट शुरू कर दिया जिससे उनको गंभीर चोटें आई जिससे वे घायल हो गए।

वहीं दूसरी तरफ सुमित कुमार झा ने कहा है कि उनके पड़ोसी रास्ता में नाली का पानी गिराते हैं जिस कारन जब वे मना करने गए व कहा कि रास्ता गंदा हो जाता है लोगों को परेशानी होती है तो राजू रवानी,बरका रवानी सहित अन्य लोग उनसे उलझने लगे।इसके बाद पाचु रवानी ने सुमित झा के उपर हमला कर दिया व सभी ने मिलकर बेट से हमला कर दिया जिससे उनका सर फट गया।स्थानीय अस्पताल में इलाज कराया गया जहां डॉ ने उसे धनबाद रेफर कर दिया है।

## मारवाड़ी विधालय में दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन,

- **मैट्रिक के छात्र छात्राओं को दी गई विदाई**

**श्रमबिंदु /धनबाद । झरिया,** मारवाड़ी विद्यालय परिसर में शनिवार को वर्ग दशम के छात्र छात्राओं के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया । अपने संबोधन में मुख्य अतिथि मारवाड़ी सम्मेलन अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा जीवन पर्यंत चलने वाली प्रक्रिया है।



उन्होंने मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने वाले सभी दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी, कहा कि मैट्रिक परीक्षा का बेहतर परिणाम प्राप्त कर छात्र-छात्राएं अपने परिवार एवं विद्यालय का नाम गौरवान्वित करें यही उनकी कामना है।

अपने उद्बोधन में संयुक्त सचिव महेश जलूका ने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं विद्यालय की धरोहर हैं। हमें विश्वास है कि मैट्रिक परीक्षा में शानदार परिणाम प्राप्त कर छात्र छात्राएं अपने जीवन लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।

उपाध्यक्ष सतनारायण भोजगारिया ने कहा कि छात्रों की पहचान उनके पठन-पाठन के साथ ही अनुशासन से होती है। जीवन में अनुशासन और कठिन परिश्रम से ही सफलता मिलती है।

दीक्षांत कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजन अर्चना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। दीप प्रजनन कार्यक्रम में सम्मेलन अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, विद्यालय प्रबंध समिति उपाध्यक्ष सत्यनारायण भोजगरिया, संयुक्त सचिव महेश जलूका एवं अनूप लीलहा, कोषाध्यक्ष नरेश अग्रवाल प्रधानाध्यापक मुक्तेश्वर मिश्र शामिल हुए।

इस दौरान विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

उप प्रधानाध्यापक अध्यापक मनोज रवानी, प्राथमिक विभाग की प्रधानाध्यापिका सपना सिन्हा, विज्ञान शिक्षक संजय भट्ट रेखा पोद्दार ने छात्रों को आशीर्वचन प्रदान किया।

कार्यक्रम के दौरान ही मैट्रिक परीक्षा में शामिल सभी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि, प्रबंध समिति के सदस्यों व शिक्षक शिक्षिकाओं ने मेमोंटे एवं लेखनी प्रदान कर शुभकामनाएं दी ।

मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अनिल खरकिया, अनिल केजरीवाल, गणेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल के अलावा शिक्षिका माधवी वर्मा, प्रीति केसरी , सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## सीआईएसएफ व पुलिस ने लोदना 12 नंबर से 40 टन अवैध कोयला लदा ट्रक जप्त कर लोदना ओपी को सौपा

**श्रमबिंदु /धनबाद। झरिया ,** पुलिस संयुक्त रुप से छापामारी कर लगभग 40 टन अवैध कोयला लोड ट्रक को जप्त कर लौदना ओ0पी0 को सोपा ,

झरिया गुप्त सूचना के अधार पर लौदना 12 नंबर स्थित शनिवार की अहले सुबह 4:45 बजे सीआईएसएफ अपने दल बल के साथ लौदना ओपी प्रभारी गौरव कुमार संग संयुक्त रूप से छापामारी कर लगभग 40 टन अवैध कोयला लदा ट्रक को जप्त किया , सीआईएसएफ ने ट्रक लोदना ओपी को सोपा वही ट्रक चालक भागने में सफल रहा ,

लगातार छापेमारी के बाद भी ट्रक सख्या BR26G-A4983 में कोयला जप्त होना या फिर लोड ट्रक पकड़ा जाना और कोयला चोरों के भागने में सफल होने की दास्तां क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। झरिया, गुप्त सूचना के अधार पर शनिवर की अहले सुबह सीआईएसएफ टीम व पुलिस ने संयुक्त रूप से छापामारी कर 14 चक्का ट्रक संख्या बीआर 26 जीए 4983 नंबर ट्रक में लगभग 40 टन अवैध कोयला लोड ट्रक को जब्त किया गया है। जबकि छपामारी की भनक लगते ही युक्त स्थल से कोयला चोर व ट्रक चालक संग उप चालक आदि घटना स्थल से भागने में सफल रहे। इधर छापामारी अभियान के नेतृत्व कर रहे सीआईएसएफ इंस्पेक्टर विजय शर्मा ने लोदना एरिया 10 बीसीसीएल प्रबंधन को सूचना देते हुए कोयला लोड ट्रक को लोदना ओपी पुलिस को सौंप दिया दिया है। पुलिस जांच पड़ताल कर मामला दर्ज करने की प्रकिर्या में लगा हुआ है। सूत्रों की माने तो लगातार छापामारी करने के बाद भी अवैध कारोबारियो द्वारा घटना को अंजाम देना कहीं ना कहीं क्षेत्रीय सीआईएसएफ की व्यवस्था मे कमियां दर्शाता है,

12 नम्बर लोदना प्राचीन काली मंदिर रोड़ में अवैध कोयला लोड ट्रक का पकड़ा जाना। पुलिस प्रशासन के आंखों में धूल झोंक कर तस्करों का धड़ल्ले से कोयला का अवैध कारोबार जारी रखना । हालांकि बीच- बीच में छापामारी जरुर किया जाता रहा है, सीआईएसएफ टीम द्वारा, लेकिन टीम के युक्त स्थल में झाड़ू लगाने के ठीक दो चार घंटे बाद या दो चार दिन के अंदर ही अवैध कोयला कारोबारियों द्वारा उसी स्थल पर और भी बृहद पैमाने पर जोर सोर से काम जारी कर दी जाती है ऐसा क्षेत्रीय लोगों का कहना है ,

जबकि खनन टास्क फोर्स के नियमानुसार जिस जगह भी अवैध कारोबार लागतार फलता फूलता नजर आए उक्त स्थल को हॉट स्पॉट केंद्रित करते हुए महिना मे कम से कम पांच बार छापामारी अभियान चलाते हुए कारोबारियो को ढूंढ कर मामला दर्ज करते हुए मंडल कारावास की हवा खिलाना है जिसका पालन कही भी दूर दूर तक होता दिखाई नहीं देती है। जिसके कारण अवैध कारोबारियो की हौसला सातवे आसमान पर जा पहुंचा है , तभी तो कारू यादव जैसे लोग पुलिस के लिए मुसीबत बन के उभरता है।

# 30 जनवरी से 14 फरवरी तक चलाया जाएगा कुष्ठ जागरूकता एवं कुष्ठ रोग खोज अभियान

**धनबाद।**

उप विकास आयुक्त श्री सादात अनवर की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय के सभागार में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान - 2025 एवं कुष्ठ रोग खोज अभियान (द्वितीय चक्र) के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उप विकास आयुक्त ने गांव स्तर पर ग्रामगोष्ठी का आयोजन करने, आंगनबाड़ी, स्कूलों व स्वास्थ्य केंद्रों में शपथ दिलाने एवं कुष्ठ रोग के प्रति लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया।

वहीं सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन ने कहा कि 30 जनवरी से 14 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता एवं कुष्ठ रोग खोज अभियान के दौरान जिन-जिन गांवों में विगत 5 वर्षों के अंदर एक भी कुष्ठ के रोगी मिले हैं वहां सहिया एवं पुरुष स्वयंसेवक द्वारा घर-घर जाकर लोगों की शारीरिक जांच की जाएगी एवं उन्हें कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया जाएगा।




अभियान के दौरान लोगों को बताया जाएगा कि यह रोग न अभिशाप है न पुश्तैनी रोग है। इलाज करने से इस रोग से निजात मिल जाती है। दवाईयों का खुराक नियमित रूप से करने से यह रोग पूर्ण रूप से ठीक हो सकता है। उपचार एवं इसकी दवा सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क दी जाती है।

सिविल सर्जन ने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को अपने-अपने प्रखण्ड में बैठक आयोजित कर अभियान की जानकारी सभी सहिया व संबंधित लोगों को देने को कहा।

बैठक में कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ मंजू दास ने कुष्ठ रोग के लक्षण, उसका उपचार एवं सहिया द्वारा रोगी के प्रति जवाबदेही पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला।

बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर, डीपीएम नीरज कुमार यादव, डॉ विकास राणा, डॉ सुनील कुमार सिंह, फिजियोथैरेपिस्ट दीपाली राय, स्वास्थ्य विभाग के लिपिक श्री रणधीर कुमार, श्री जितेन्द्र कुमार, एनजीओ पाल, आत्मस्वाभिमान, टाटा स्पर्श के प्रतिनिधि, सभी प्रखंड के एमओआईसी एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## धनबाद के मटकुरिया गोलीकांड में 33 अभियुक्तों का कोर्ट में बयान दर्ज, जल्द आ सकता है फैसला

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**

बहुचर्चित मटकुरिया गोलीकांड की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में हुई. इस सुनवाई में कुल 33 अभियुक्तों ने अपना बयान अदालत में दर्ज कराया, जिसमें से 32 अभियुक्त सशरीर हाजिर हुए थे, जबकि एक अभियुक्त का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बयान दर्ज किया गया. मामले के आरोपी पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक व्हील चेयर पर कोर्ट पहुंचे थे.

अधिवक्ता बृजेंद्र सिंह ने बताया कि पिछली तारीख पर ही केस क्लोज के साथ एविडेंस क्लोज हो गया था. शनिवार को तारीख स्टेटमेंट के लिए रखी गई थी. करीब करीब सभी अभियुक्त का बयान दर्ज कर लिया गया है. इस सुनवाई में जो अभियुक्त नहीं थे, उनका बयान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कराया गया, इसके बाद डिफेंस के लिए अदालत तारीख देगी. उन्होंने कहा कि अदालत चाहेगी तो इसी महीने मटकुरिया गोलीकांड का फैसला सुना सकती है.बता दें कि मटकुरिया गोलीकांड में तत्कालीन एसडीओ के लिखित प्रतिवेदन पर 38 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया था. 38 अभियुक्त में पांच अभियुक्त जिसमें पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह, अशोक यादव, उदय सिंह, ओपी लाल और बच्चा सिंह की मृत्यु हो चुकी है, मटकुरिया गोलीकांड की घटना साल 2011 हुई है, मटकुरिया में बीसीसीएल के आवासों को अतिक्रमण से मुक्त कराने गए पुलिस बल के साथ आंदोलनकारियों की हिंसक झड़प हुई थी. घटना में तत्कालीन एसपी आरके धान जख्मी हो गए थे. इस झड़प में चार लोगों की मौत हो गई थी,



तत्कालीन एसडीओ जॉर्ज कुमार के लिखित प्रतिवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी. अनुसंधान के बाद पुलिस ने 38 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था. पुलिस और पब्लिक के बीच हुई मारपीट की घटना के दौरान सैकड़ों राउंड गोलियां चली थी. कांग्रेस नेता मन्नान मल्लिक, ओपी लाल, नीरज सिंह, बच्चा सिंह समेत कई लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था. 45 दिनों बाद सभी की जमानत हुई थी. विधि व्यवस्था को लेकर इलाके में कर्फ्यू भी लगाई गई थी ।

## कोयला तस्करों ने छापेमारी के लिए पहुंची CISF टीम पर की हमला, पुलिस ने बचाई जान

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**

डंके की चोट पर कोयले की तस्करी का खेल बदस्तूर जारी है , वहीं कोयला तस्करों का मनोबल सातवें आसमान पर है, कोयला तस्कर अपने काम में बाधा उत्पन्न करने वाले न सिर्फ आम लोग बल्कि अधिकारियों को भी नहीं बख्श रहे हैं, ताजा मामला निरसा के गलफरबड़ी क्षेत्र का है, यहां बंद पड़े बर्न स्टैंडर्ड कारखाना में अवैध खनन स्थल पर छापेमारी के लिए सीआईएसएफ की टीम गई थी. जिसके बाद कोयला तस्करों के द्वारा सीआईएसएफ की टीम पर हमला कर दिया गया, कोयला तस्करों द्वारा सीआईएसफ की टीम के ऊपर पथराव किया गया, जिसमें सीआईएसएफ टीम का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया, घटना की सूचना सीआईएसएफ टीम के द्वारा गलफरबाड़ी पुलिस को दी गई, जिसके बाद दल बल के साथ पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस और सीआईएसएफ की टीम कोयला तस्करों को मौके से खदेड़ने में कामयाब रही. कार्रवाई में कोयला लोड दो ट्रैक्टर भी जब्त किये गये हैं. ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया है, यह पूरा मामला बीती शुक्रवार की रात करीब 11 बजे का है,

वहीं घटना को लेकर निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने बताया कि रात में सीआईएसफ की टीम छापेमारी के लिए गई थी, कोयला तस्करों ने उनके ऊपर पथराव किया, सूचना मिलने के बाद गल्फरबाड़ी की पुलिस मौके पर गई थी, स्थानीय लोगों के द्वारा पथराव किया गया था, जिसमे सीआईएसएफ वाहन का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया. सीआईएसएफ के द्वारा घटना की लिखित शिकायत की गई, मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस मामले में आगे कार्रवाई कर रही है,

बताते चलें कि पिछले दिनों निरसा के पंचेत ओपी क्षेत्र के लुचीबाद में अवैध कोयले की तस्करी में जुटे दो गुट आपस में भिड़ गए थे, जिसमें जमकर मारपीट की घटना घटी थी, करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए थे ।

जिला आधार निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न

## 18 वर्ष से अधिक आयु के आधार पंजीकरण के लिए लंबित मामलों का भौतिक सत्यापन करने के दिए निर्देश

- **आधार केंद्रों पर आमजनों से निर्धारित शुल्क ही ली जाए यह सुनिश्चित करें**
- **जीरो से 05 वर्ष के बच्चों का आधार पंजीकरण शत प्रतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश**

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार एडीएम सप्लाई श्री जियाउल अंसारी की अध्यक्षता में आज दिनांक 18 जनवरी 2025 को समाहरणालय में जिला आधार निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई।



बैठक में सीएससी के द्वारा बताया गया कि जिला में पीएससी(PSC) में 52 एवं यूसीएल(UCL) में 17 किट चलाए जा रहे हैं। एडीएम सप्लाई ने निर्देशित किया कि इन सभी स्थान पर जाकर लगातार जांच करें एवं यह सुनिश्चित करें कि आधार में बदलाव, नए आधार बनाने समेत अन्य कार्यों में निर्धारित दर ही लिए जाए एवं संबंधित कार्य की निर्धारित शुल्क वहां सूचना पट पर उपलब्ध हो।

वही शिक्षा विभाग से आए प्रतिनिधि को यह निर्देशित किया गया की विभाग से पत्राचार कर सभी बीआरसी में सारे किट को एक्टिवेट कराएं। साथ हीं जो भी मशीन उपलब्ध कराई गई हो वह स्थाई जगह पर हो या सुनिश्चित करें। साथ ही समाज कल्याण पदाधिकारी को यह निर्देशित किया गया कि टैबलेट एवं आधार मशीन को एक्टिवेट करा कर आंगनबाड़ी केंद्रों में संचालित कर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को शत प्रतिशत बच्चों का आधार बनाएं।

18 वर्ष से अधिक आयु के आधार पंजीकरण के लिए लंबित मामलों का प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करने के बाद में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एडीएम सप्लाई ने कहा कि सभी बीडीओ फील्ड वेरिफिकेशन करने के बाद ही 18 से अधिक उम्र वाले आवेदन का निष्पादन सुनिश्चित कराएं।

मौके पर समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर, परियोजना पदाधिकारी यूआईडी श्री अमित कुमार समेत स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहें।

# सरकारी राजस्व और कर संग्रह को सरल बनाना आर्थिक स्थिरता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम : जो फ्रांसिस

**नई दिल्ली , 17 जनवरी (आरएनएस)।**

हम, आईआईटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक जो फ्रांसिस और गार्डियन डेमोक्रेटिक फोरम के अध्यक्ष फ्रांसिस जोसेफ (सनी) के साथ जोबिन जेरोम (इस सम्पूर्ण आर्थिक फार्मूले के आविष्कारक) ने भारत सरकार के साथ एक ऐतिहासिक आर्थिक और वित्तीय मॉडल को लागू करने की दिशा में एक कदम बढ़ाया है। यह मॉडल सरकारी राजस्व और कर संग्रह को सुव्यवस्थित करने के साथ-साथ नागरिकों के लिए आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने का उद्देश्य रखता है। इस मॉडल का लक्ष्य अस्थिरता का कारण बनने वाले आर्थिक चक्रों की पुनरावृत्ति को रोकना, बचत को बढ़ावा देना और जनसंख्या की आर्थिक स्थिति को सुधारना है।नए आर्थिक और वित्तीय मॉडल के प्रमुख उद्देश्य :-




1. आर्थिक चक्रों की पुनरावृत्ति को रोकनाः

आर्थिक अनिश्चितता के चक्र को तोड़ते हुए, सरकार वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देना चाहती है। यह बचत को प्रोत्साहित करता है और नागरिकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाता है, जिससे एक अधिक सुदृढ़ और सुरक्षित अर्थव्यवस्था में भागीदारी संभव होती है। 2. ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करना :- यह नया मॉडल (कस्टमाइज्ड ऑटो बैंकिंग अकाउंट, उअइ ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए) ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में व्यक्तियों की आर्थिक वृद्धि का सीधा समर्थन करेगा और सरकार को बेहतर शासन और सार्वजनिक कल्याण के लिए पर्याप्त राजस्व प्रवाह सुनिश्चित करेगा। 3. शून्य गैर-निष्पादित परिसंपत्तियाँ (एनपीए): - इस पहल का मुख्य लक्ष्य बैंकों में गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) को शून्य के करीब लाना है। आसान ऋृण प्रदान करके, यह मॉडल जिम्मेदार उधारी और ऋृण देने को प्रोत्साहित करता है, जिससे बैंक और जनता दोनों के लिए वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित होती है। 4. आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देनाः -

हर नागरिक को वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। यह पहल अनुपलब्ध वेतन और बकाया क्रेडिट जैसी समस्याओं को समाप्त करने का प्रयास करेगी, जिससे एक ऋृण-मुक्त और आर्थिक रूप से स्थिर समाज का निर्माण होगा। 5. बैंक असली वित्तीय सुपरमार्केट बनेंगेः - बैंकिंग क्षेत्र एक ऐसे वित्तीय सुपरमार्केट के रूप में तब्दील हो जाएगा, जहां बचत और निवेश स्वचालित रूप से होंगे, जिससे नागरिक बिना किसी कठिनाई के अपने भविष्य को सुरक्षित बना सकेंगे। 6. सरकारी राजस्व में वृद्धिः - यह मॉडल एक अधिक कुशल और सुव्यवस्थित वित्तीय प्रणाली को बढ़ावा देकर सरकार के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि का वादा करता है। 7. सभी क्षेत्रों के लिए वित्तीय सुरक्षा हेतु ग्रामीण कस्टमाइज्ड ऑटो बैंकिंगः - एक नई पहल, उअइ (कस्टमाइज्ड ऑटो बैंकिंग) शुरू की जाएगी, जो किसानों और अन्य क्षेत्रों के वित्तीय हितों की रक्षा करेगी, जिससे उन्हें उचित क्रेडिट और वित्तीय सुरक्षा की सुविधा मिल सकेगी। इस मॉडल का आधार ₹विस्तारित किफायती सीमाओं का सिद्धांत₹ है, जो कृत्रिम रूप से प्रभावित बाजार परिदृश्यों के अध्ययन से व्युत्पन्न है। यह दर्शाता है कि योजनाबद्ध और अनुमत क्रेडिट विस्तार किस प्रकार आर्थिक मूल सिद्धांतों को बदल सकता है, और यह एक ऐसा गणितीय ढांचा तैयार करता है जो वित्तीय अस्थिरता को रोकता है।

## धनबाद में इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन (इंटरनेशनल) द्वारा महाराष्ट्र के पदाधिकारियों का सम्मान

**श्रमबिंदु /धनबाद** । इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन (इंटरनेशनल), नई दिल्ली द्वारा धनबाद में महाराष्ट्र के पत्रकारों और पदाधिकारियों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्हें शाल, श्रीफल और सम्मान पत्र देकर अभिनंदन किया गया।

मुख्य अतिथि एवं सम्मानित पदाधिकारी

राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष एम. अली और महासचिव मोहम्मद जहांगीर ने महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष मदन (बापू) कोल्हे, मीडिया प्रमुख देवानंद वाकळे, संपादक वैभवज्वाला, सचिव संतोष शिंदे, कार्यकारिणी सदस्य सुदाम गांधारे व अन्य पदाधिकारियों को सम्मानित किया।

पूर्व अध्यक्ष को श्रद्धांजलि व संगठन की रणनीति


कार्यक्रम की शुरुआत महाराष्ट्र के दिवंगत पूर्व अध्यक्ष संजयकुमार कोटेचा को श्रद्धांजलि देकर हुई। इस दौरान संगठन की मजबूती और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई।

राष्ट्रीय महासचिव का संदेश

मोहम्मद जहांगीर ने कहा, ₹इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन (इंटरनेशनल) पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा और निष्पक्ष पत्रकारिता को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। जब तक पत्रकार सुरक्षित नहीं होंगे, लोकतंत्र मजबूत नहीं हो सकता।₹

भविष्य की योजनाएँ

संगठन ने विभिन्न राज्यों में पत्रकारों के हित में विशेष कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की। इस सम्मान समारोह ने महाराष्ट्र के पत्रकारों को नई ऊर्जा और प्रेरणा दी।




स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com